लेपालकपन 1

... मुझे यह सुनकर अच्छा लग रहा है, यह अच्छा है। अच्छा, जैसा कि मैंने पहले कहा कि यह सदा, “मैं आनन्दित था जब उन्होंने मुझसे कहा था कि, ‘आओ हम प्रभु के घर को चले।’” मैं विश्वास करता हूं कि यह बात एक बार दाऊद ने कही कि, “आओ हम प्रभु के भवन को चले।” मैं इससे अच्छा स्थान कोई नहीं जानता, क्या आप, प्रभु के भवन से अच्छा स्थान जानते है।

2 अब, आज रात्रि, हम यहां हमारे कुछ मित्रगण है वे वहां दूर जॉर्जिया से है। संभवतः है वे यहां अपनी–अपनी गाड़ियों से आए हैं आज रात्रि खाने के पश्चात—पश्चात। और तब हम... उनमें से कुछ नीचे से, मैं आशा करता हूं कि आप लोग रुके हुए हैं। और हमारे पास जो भी स्थान है वह आपके लिए खुला है।

3 और तब बुधवार रात्रि को हम उस अध्ययन को जारी रखेंगे, और तब प्रभु ने चाहा, फिर से अगले रविवार को।

4 और तब चटाकुआ में छठवी से आरंभ है। इसलिए सब जिन्होंने अपनी छुट्टियों की योजना बना ली है, हम एक बड़े महान समय की आशा कर रहे हैं, चटाकुआ में। यही जहां हमारा एक शानदार समय हमेशा होता है। बहुत बड़ी भीड़े नहीं, कभी–कभी हम भागते हैं... यह लगभग इसे थामें रहेगा... मैं समझता हूं हम इसमें दस हजार आसानी से समा सकते हैं। परंतु, अधिकतर, पिछले वर्ष मैं सोचता हूं हमारे पास लगभग सात हजार थे, कुछ इतने ही। स्थान खचाखच भरा हुआ था, परंतु खड़े होने के लिए बहुत स्थान था। और बैठने के सारे स्थान समाप्त हो चुके थे। और इसलिए हम इसकी प्रतीक्षा कर रहे है।

5 और हम यहां बहुत सारे सेवक भाइयों को देखकर प्रसन्न है। मुझे यहां उनका नाम याद नहीं आ रहा है, मिशनरी भाई ह्यूमंस, और बहन ह्यूमंस, क्या आप यहां बैठी है, और छोटे बच्चे, उन्हें यहां पाकर हमें प्रसन्नता है, एक मिशनरी। दूसरे वाले, भाई पेट, भाई डाल्टन और ओह, बस बहुत सारे, भाई बीलर। और थोड़ी देर पहले भाई कोलिन्स को देखा था। और, एक प्रकार से सब का नाम लेना कठिन होगा। परंतु आज रात्रि हम आपको

प्रभु के भवन में पाकर आनंदित है। यह मूल्यवान भाई नेविल यहां मेरे पीछे मेरे साथ प्रार्थना के लिए बैठे हैं जबकि हम वचन सिखाने जा रहे है। चार्ली, तुम्हें और बहन नेली को यहां आज रात्रि देखकर प्रसन्नता है, बच्चे भी। यह... और बाईबल की शिक्षा अक्सर... हां, भाई वेल्श, मैं बस... आपको ढूंढ रहा था, मैं अब आपको वहां पीछे बैठे हुए देख रहा हूं।

6 बाईबल की शिक्षा देना अधिकांश, थोड़ा जोखिम भरा होता है, हम यह कहते हैं, थोड़ा जानना एक प्रकार से खतरे में चलना होता है। परंतु हम अनुभव करते हैं, जो कि हो सकता है जो कि इस समय, इस बिंदु पर कि वो—वो कलीसिया को जो मैं सोचता हूं, एक प्रकार से एक—एक ऐसे स्थान पर लाना, कि स्थिति की पूरी समझ हो कि हम मसीह यीशु में क्या है। और कभी–कभी मैं सोचता हूं कि प्रचार बहुत अच्छी चीज है, परंतु भाई बीलर मैं सोचता हूं, कभी–कभी शिक्षा उससे आगे बढ़ जाती है, यह अनुकूल... विशेषकर कलीसिया के लिए।

अब, प्रचार अधिकांश पापी को पकड़ता है, वचन के द्वारा उसको दोषी ठहराता है। परंतु शिक्षा विशेष मनुष्य को कि वह क्या है सही स्थिति में रखता है। और हम कभी भी सही विश्वास नहीं कर सकने के योग्य होते हैं जब तक हमें ना मालूम हो कि हमारा सही स्थान क्या है।

7 अब, यदि संयुक्त राज्य जो स्पष्ट राष्ट्र है, मुझे रूस को भेज दें, इस राष्ट्र का राजदूत बनाकर, रूस के लिए, तब यदि वे मुझे अधिकारिक रूप में रूस भेजते हैं, तो संयुक्त राज्य की सारी शक्ति मेरे समर्थन में है। मेरे शब्द संयुक्त राज्य के जैसे होंगे यदि मुझे एक राजदूत के समान मान्यता दी गई है।

8 और तब यदि परमेश्वर ने हमें अपना राजदूत होने के लिए भेजा है, सारी सामर्थ जो स्वर्ग में है, वह सब जो परमेश्वर है, उसके सारे स्वर्गदूत, सारी उसकी सामर्थ हमारे वचनों के पक्ष में है यदि हम सही प्रकार से अभिषिक्त, लोगों के पास संदेशवाहक भेजें गए हैं। परमेश्वर वचन को आदर देगा ही, क्योंकि उसने दृढ़ता पूर्वक लिखा है, कि, "तुम जो कुछ भी पृथ्वी पर बंधोगे, वह मैं स्वर्ग में बांधुगा। जो कुछ भी तुम पृथ्वी पर खोलोगे, वह मैं स्वर्ग में खोलुंगा। और तुम्हें राज्य की कुंजियां दूंगा।" ओह, यह कितनी महान प्रतिज्ञा है, जो उसने कलीसिया को दी है!

9 और मैं, उस दिन के बाद से... यदि आप में से बहुत सारे मैं समझता हूं, यहां इस प्रातः सुन रहे हैं जैसा कि, मैंने अपनी नम्र सेवकाई में यत्न किया है साधारण रीति से बताया है वह—वह दर्शन जो मैंने स्वर्ग का देखा।

10 मैं किसी भी रीती से कभी भी उस में किसी भी बात का संदेह नहीं करूंगा जो कभी भी मुझे किसी ने बताई कि उन्हें परमेश्वर ने बताया है। यदि मैं इसे पवित्र वचन में भी ना देखूं तो भी मैं इसका विश्वास करूंगा, मैं अब भी विश्वास करना चाहूंगा, उस भाई के वचन का। मैं—मैं केवल बाईबल के साथ बना रह सकता हूं, परंतु अब भी मैं विश्वास करूंगा कि संभव है, कि भाई किसी प्रकार से गलत समझ गया होगा, जिससे वह बस थोड़ा सा गड़बडा गया होगा। और फिर भी मैं विश्वास करूंगा कि वह—वह मेरा भाई है।

11 और यदि मेरे ह्रदय में कुछ उत्तेजना है, और मैं आशा करता हूं, कि आने वाले वर्षों में यह नहीं छूटेगी, इसे मैं कभी नहीं भूलूंगा, पिछले रविवार प्रातः क्या हुआ था, जैसे कि एक सप्ताह। इसने मुझसे कुछ किया इसने मेरे जीवन को क्रांतिकारी कर दिया। मैं—मैं डरता नहीं। मुझे—मुझे मृत्यु का तनिक भी भय नहीं। मृत्यु में बिल्कुल भी भय नहीं है। और यह—यह आपके लिए नहीं है यदि आप समझ गए हैं तो। अब, संभव है यदि... इसे जानने के लिए आपके पास अनुभव होना ही चाहिए, क्योंकि इसे समझाने की कोई विधी नहीं है। अब शब्द नहीं ढूंढ सकते, क्योंकि यह अंग्रेजी शब्दकोश में नहीं है, या किसी और शब्दकोश में, क्योंकि यह एक अनंतता है; कोई बीता कल नहीं, कोई आने वाला कल नहीं, यह सारा वर्तमान काल है। और इसमें नहीं है "मुझे अच्छा अनुभव होता है," और अब से एक घंटे के बाद, "मैं अच्छा अनुभव नहीं करता हूं," और अगले एक घंटे में, "फिर अच्छा अनुभव करता हूं।" सारे समय यह वर्तमान काल है। समझे? कभी नहीं रुकता, केवल वह शानदार शांति, और कुछ।

12 और वहां पाप नहीं हो सकता, वहां द्वेष नहीं हो सकता, वहां बीमारी नहीं हो सकती, वहां—वहां उस स्वर्गीय किनारे पर कुछ नहीं पहुंच सकता। और यदि मुझे यह कहने का सौभाग्य है जो की हो सकता है, मेरे पास नहीं है। यदि मेरे पास नहीं है, मैं प्रार्थना करता हूं कि परमेश्वर मुझे क्षमा करें। परंतु यदि यह मेरे पास है, और यह परमेश्वर ने मुझे कुछ दिखाने के लिए उठा लिया, मैं पहले स्वर्गो का उल्लेख करूंगा। और तब मैं बाईबल में उस

एक पर विश्वास करता हूं, पौलुस नाम का, मैं विश्वास करता हूं, जो कि तीसरे स्वर्ग में उठाया गया। अब यदि वो पहला स्वर्ग महिमामय था, तो तीसरा स्वर्ग उसमें क्या होगा? कोई आश्चर्य नहीं वह चौदह वर्षों तक नहीं बोल सका! उसने कहा वह नहीं जान पाया कि वह शरीर में था या शरीर से बाहर था। उस महान चेले के साथ, उसके—उसके—उसके कार्य स्थल को मिलाने के लिए नहीं, या स्वयं को कुछ बनाने का यत्न करने के लिए, जैसा कि वह था, परंतु मैं उसके साथ कह सकता हूं, मैं नहीं जानता कि इस शरीर में या इस शरीर से बाहर। केवल एक बात, यह उतना ही वास्तविक था जैसा कि मैं आपको देख रहा हूं।

13 और इस विषय में मैं सदा अचरच में था यदि मैं मर गया तो और मैं एक छोटा बादल तैरता हुआ देखुंगा, एक आत्मा, और कहता, "वह भाई और बहन जा रहे हैं, वे चार्ली और नेली है। वहां भाई और बहन स्पेन्सर जा रहे है।" वह मेरे लिए सदा रहस्यमय था। यदि मेरी आंखें कब्र में है, और क्षतिग्रस्त, और सड़ रही है, यदि मेरे कान यहां पर नहीं है कि कुछ और सुन सकूं, और यदि मेरा लहू सारा वापस जा चुका है और उन्होंने उसे सुगंधित कर दिया है, और यह पानी में या जमीन में है, और मेरा मस्तिष्क की क्षमताये, मेरे मस्तिष्क की सारी कोशिकाये मर गई है, तब मैं सिवाये इधर–उधर तैरती हुई आत्मा को छोड़ और क्या होऊंगा? और इसने मुझे उबाऊ कर दिया। मैं कैसे कहना चाहूंगा, "हेलो, भाई पेट, ओह, आपको देखकर प्रसन्नता हुई! हेलो, भाई नेविल, मैं आपको कैसे देखुंगा!" परंतु मैंने सोचा, "जब मेरे पास देखने के लिए कुछ नहीं होगा, बोलने के लिए कोई मुंह नहीं होगा, यह तो मिट्टी सड़ गया, मैं कैसे कहने योग्य होऊंगा, 'हेलो, भाई पेट,' 'हेलो, भाई नेविल,' या आदि–आदि, 'अरे, चार्ली'?"

14 परंतु अब, मैं जानता हूं कि यह गलत है। क्योंकि यह वचन में लिखा है, जो कि मैं कहता हूं भिन्न नहीं है, "क्योंकि यदि यह मिट्टी का घर गिर गया, तो हमारे पास एक है जो प्रतीक्षा में है," दूसरा घर जिसमें आंखें, कान, होंठ मस्तिष्क क्षमता है। "यदि यह पृथ्वी का डेरा गिराया गया!" इसकी एक देह है जो मैं अनुभव कर सकता हूं, बात कर सकता हूं।

15 और अब यह मेरे समझ में आता है, अभी–अभी कि मूसा मर गया और उस ना मिलने वाली कब्र में आठ सौ वर्षों के लिए, और एलीशा पांच

सौ वर्ष पहले स्वर्ग में चला गया, परंतु रूपांतरण वाले पर्वत उन लोगों को यीशु से बातें करते हुए देखा गया।

16 शेमूएल के मरने के चार पांच वर्ष पश्चात और इंदौर की जादूगरनी ने उसे ऊपर बुलाया, और वह मुंह के बल गिरी, और उसने कहा, "तूमने मुझे धोखा दिया, क्योंकि तू स्वयं शाऊल है।" उसने कहा, "क्योंकि मैं देवता को देखती हूं!" वह मूर्तीपूजक थी, आप समझे। "मैं देवताओं को ऊपर आते देखती हूं।"

17 और तब भी शाऊल उसे ना देख सका, और उसने कहा, "वह कैसा दिख पड़ता है? मुझ से वर्णन कर।"

कहा, "वह दुबला है, और उसके कंधो पर कपड़ा है।"

18 कहा, "यह शमुएल है, भविष्यवक्ता, उसे मेरे समक्ष ला।" मैं चाहता हूं कि आप ध्यान दें कि शेमुएल के व्यक्तितत्व में कोई बदलाव नहीं आया। वह अब भी भविष्यवक्ता था। उसने शाऊल को ठीक–ठीक बताया कि अगले दिन क्या होगा।

19 इसलिए, आप देखिए, मृत्यु हमारा पूर्णतः र्हास नहीं करती जैसे कि कब्र पर रोते और विलाप और शोक करते है। यह केवल हमारे रहने का स्थान बदलती है। यह हमे एक स्थान से लेकर... आयु क्या है? यदि मैं एक और घंटा जी लूं, तो मैं बहुत सो से सोलह वर्षीय लोगों से अधिक जीऊंगा, मैं बहुत सो से पांच वर्षीय लोगों से अधिक जीवित रहूंगा। आयु कुछ नहीं है। हम यहां पर किसी उद्देश्य के लिए है, कि कुछ करें।

20 अब, यहां, पर बहुत सी सुन्दर चेहरे वाली माताएं यहां पर बैठी हुई है, कुछ उनमें से साठ या सत्तर वर्ष की है, कहेगी, "अच्छा, तो भाई ब्रंहम, मैंने क्या किया है? " आपने अपने बालकों का पालन पोषण किया है। आपको जो करना चाहिए आपने वह किया।

21 संभव है कोई बूढ़े पिता यहां पर बैठे हुए कहे, "भाई, मैंने तो खेत जोते हैं, मैंने *यह* किया है। मैंने कभी प्रचार नहीं किया।" परंतु आपने वह किया जो परमेश्वर ने आपको करने के लिए भेजा। आपके लिए एक स्थान है।

22 कल मैं एक बूढ़े डॉक्टर से बातें कर रहा था, मेरे मित्रों में से एक डॉक्टर मित्र, प्रिय जन, अस्सी कुछ वर्ष का है। और उसकी साली आज रात्रि यहां

आराधनालय में है, और वह उसके लिए थोड़ी सी चिंतित है। और मैं उसे देखने गया। और जैसे ही मैं उससे बातें करने लगा, उसने प्रसन्न होकर, मुझे शिकार का किस्सा बताया जो कि बहुत वर्षों पहले कोलोराडो में हुआ था, वहीं जहां मैं शिकार करता हूं। वैसे ही होशियार और प्रसन्न! और मैंने कहा, "डॉक्टर, आप कितने दिनों से इलाज कर रहे हैं? "

23 उसने कहा, "जब तुम दूध पीते बच्चे थे।" और मैंने कहा... "और बहुत सी बार, " उसने कहा, "मैंने अपनी बग्गी लेकर लोगों को इलाज करने गया, मैंने घोड़े पर काठी कसी। मैंने छोटा बस्ता लिया और मैं पैदल गया।"

24 और मैंने कहा, "हां, वहां प्रातः दो बजे खाड़ी के किनारे–किनारे अपनी टॉर्च के साथ, उस घर को ढूंढने का यत्न किया जहां छोटे लड़के के पेट में दर्द या मां एक जच्चा की पीड़ा में कहा।"

"हां यह ठीक है।"

25 और मैंने कहा, "डॉक्टर, आप जानते हैं, मैं विश्वास करता हूं, इस विभाजन रेखा के पार यहां, मरण और अमरता के बीच में, परमेश्वर के पास एक अच्छे पुराने डॉक्टरो के लिए स्थान था जो इस प्रकार सेवा करें।"

26 मोटे–मोटे आंसू उनकी आंखों में आ गए और वह रोने लगा, उसने अपने दुर्बल हाथों को उठाया और कहा, "भाई, मैं ऐसी आशा करता हूं।" उस पार, परमेश्वर मनुष्य के प्राण का न्याय करता है, वह क्या है।

27 तब मैंने उसे यह संतुष्टि वाला वचन दिया। बहुत सी बार, अंधेरी रात में गारे वाले खेत को जोतते हुए, किसी की सहायता करने का यत्न करते हुए, हो सकता है उसके लिए कोई पैसा ना मिला हो, परंतु यह ठीक है। मैंने कहा, "यीशु ने वचन में कहा, 'धन्य है जो दयावान है, उन पर भी दया की जाएगी।'" और यह सत्य है।

28 और आज रात्रि हम इन तीन पाठो में कलीसिया को स्थिर करना चाहते हैं, यदि परमेश्वर ने चाहा, कैसे और क्या देखें कि, हम क्या हैं। हम पौलुस की पत्री का 1ला अध्याय देखने जा रहे हैं इफिसियों को। और हम अपने अगले तीन अध्यनों में पहले तीन अध्याय लेने जा रहे हैं, एक सांझ में एक अध्याय को लेने का यत्न करेंगे, यदि ले सके तो। तो आज रात्रि बुधवार है, और अगले रविवार प्रातः। इफिसियो का, 1ला अध्याय। अब जबकि हम मिलकर अध्यन करते हैं, तो मैं यह कहना चाहूंगा, कि इफिसियो की

यह पुस्तक सिद्ध रूप से पुराने नियम के यहोशु के समान्तर है। इफिसियो, इफिसियो की पुस्तक।

29 अब, स्मरण रखे, यदि हम इससे थोड़ा इधर–उधर होने लगे, आपको सिखाने में, तो हमें क्षमा करना और थोड़ा सा सब्र करना। इसके पहले कि हम इसे खोलें, हम उससे सहायता मांगे, जैसा कि हम अपने सिरों को झुकाते हैं।

30 प्रभु, हम तेरे पवित्र और पूज्य बाईबल के पास आते हैं, जो कि सारे स्वर्गो और पृथ्वी से अधिक सुरक्षित है। क्योंकि हम इस वचन में पढ़ते है, जो कि बाईबल कहलाती है, कि "स्वर्ग और पृथ्वी टल जाएंगे, परंतु मेरा वचन कभी ना टलेगा।" तब, इस गम्भीर घड़ी में जो मैं आज रात्रि इस प्रचार मंच पर, और तेरे लहू से खरीदे हुओ के समक्ष आता हूं, यह प्रिय अनमोल मरणहार जो आज रात्रि यहां पर बैठे हुए हैं, प्रत्येक छोटी आशा को थामे हुए हैं जो कि वे कर सकते हैं, और कि उस ज्योति को पकड़े रहे जो आने को है। होने पाए कि यह आज रात्रि इतनी पर्याप्त हो, कि प्रत्येक विश्वासी अपनी स्थिति को देख सकें, और प्रत्येक जो अभी तक इस महान संगति में नहीं आ पाया है, राज्य की ओर यत्न करेगा, प्रभु, और द्वार को तब तक खटखटाएगा जब तक द्वारपाल द्वार ना खोल दे। प्रभु, इसे प्रदान करें।

31 हम इसमें पढ़ रहे हैं जहां कि इस बाईबल में कोई व्यक्तिगत अनुवाद नहीं है। परमेश्वर, ना हो कि मैं आपका दास कि उनके अपने अनुवाद को वचन में मिलाने का यत्न करूं। हम इसे पढ़े और इसका विश्वास करें, जिस प्रकार यह लिखा है। और विशेषकर हम झुंड के चरवाहे, हम पास्टर लोग जो कि किसी दिन उस महिमामय देश में एकत्र होंगे, इस छोटे से झुंडो के साथ, और हम प्रभु यीशु की उपस्थिति में खड़े होंगे और पीढ़ियों को आते देखेंगे, पौलुस की, पतरस की और लूका की, और मरकुस की, और मत्ती, और वे सब, और उनके झुंडो के साथ उनका न्याय होते देखेंगे। प्रभु, इसे प्रदान करें मैं आपके चरणो में लाखों परितोषक रख सकता हूं जबकि मैं नम्रता के साथ ऊपर चढुंगा और अपने हाथों को अपने अनमोल चरणों पर रखुंगा, और कहते हुए, "प्रभु, ये तेरे हैं।"

32 ओह परमेश्वर, हमें अपने आत्मा से फिर से भर दे, और तेरे प्रेम से और तेरी धार्मिकता से। और होने पाए कि, जैसा कवि ने अपने गीत में कई

वर्षों पहले यह प्रगट किया, "प्रिय मरने वाले मेमने, तेरा अनमोल लहू कभी अपनी सामर्थ ना खोयेगा, जब तक परमेश्वर की बची हुई कलीसिया पाप से ना बच जाए। और सदा से विश्वास के द्वारा, मैंने तेरे घाव से निकलती हुई धारा देखी है; छुड़ाने वाला प्रेम मेरा विषय रहा है, और जब तक ना मरूंगा, यही रहेगा। तब उस एक महानतम मीठे गाने में," वह आगे कहता है, "मैं तेरी बचाने वाली सामर्थ को गाऊंगा; जब यह बेचारी जुबान का तुतलाना, और लड़खड़ाना कब्र में शांत हो जाता है।" तब यह कब्र आपके बालकों के लिए मृत्यु को नहीं रखती। यह केवल एक विश्राम का स्थान है, या एक छिप जाने का स्थान, जब यह अविनाश को पहन लेगा।

33 होने पाए प्रभु, आज रात्रि हम इसे स्पष्ट देख सके जैसा कि यह हमें वचन में दिया गया है। हमें समझ दे। और हमारे कर्तव्य किस स्थान पर, हमें स्थिर करें, प्रभु ताकि हम ईमानदारी के साथ जब तक आप नहीं आते हैं सेवा करें। हम यह यीशु के नाम में मांगते हैं, और उसी के लिए। आमीन।

34 अब, इफिसियों की पुस्तक, जैसे कि मैं अभी कह रहा था, मैं... मेरे विचार से, यह नए नियम की एक महानतम पुस्तक है। यह हमें वहां छोड़ती है, जहां कैलविनवाद एक ओर समाप्त हो जाता है, और दूसरी ओर आर्मेनियन वाद समाप्त हो जाता है, परंतु इफिसियों की पुस्तक इन्हें यथास्थान पर लाती है और कलीसिया को उपयुक्त स्थान पर स्थिर करती है।

35 अब, मैंने इसको यहोशू के साथ वर्गीकरण किया है। यदि आपने ध्यान दिया हो, इस्राएल मिस्र से बाहर लाया गया था, और उनकी यात्रा के तीन चरण थे। पहला चरण, मिस्र को छोड़ना था। अगला चरण, जंगल में था। और अगला चरण कनान था।

36 अब, कनान सह–शताब्दी के युग को नहीं दर्शाता। यह केवल जयवन्त का प्रतिनिधित्व करता है, यह जयवन्तो का विधान है, क्योंकि कनान में उन्होंने मारा और जलाया और नगरों को ले लिया। और सह–शताब्दी में कोई मृत्यु ना होगी।

37 परंतु दूसरी बात जो यह करता है, यह विश्वास के द्वारा धर्मी ठहराने को ले आता है, जब उन्होंने मूसा पर विश्वास कर लिया और मिस्त्र को छोड़ दिया। पवित्रकरण, अग्नि स्तंभ के साए में चलना और जंगल में बलि किए

गए मेमने का प्राश्चित। और तब उस देश में प्रवेश करना जिसकी प्रतिज्ञा की गई थी।

38 अब, नए नियम के विश्वासी को किस देश की प्रतिज्ञा दी गई है? प्रतिज्ञा पवित्र आत्मा की है। "क्योंकि अन्त के दिनों में ऐसा होगा," योएल 2:28, "कि मैं अपना आत्मा सब प्राणियों पर उंडेलुंगा। तुम्हारे पुत्र और तुम्हारी पुत्रियां भविष्यवाणी करेंगे। मैं अपने दास और दसियों पर अपनी आत्मा में से उंडेलुगा, और वे भविष्यवाणी करेंगे। और मैं ऊपर आकाश में आश्चर्य चिन्ह दिखाऊंगा। और पृथ्वी पर, अग्नि के स्तंभ, और धुंआ, और भाप।" और पतरस ने, पेंटीकोस्ट के दिन, अपना विषय लेने के पश्चात प्रहार के पश्चात कहा, "तुम में से प्रत्येक प्राश्चित करें, और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले छुटकारे के लिए," वापसी के लिए, क्षमा के लिए, आपके सारे अपराधों से वापसी के लिए।

39 इसके पहले कि वे यर्दन को पार करते क्या आपने ध्यान दिया, यहोशू पर, यहोशू ने कहा, "शिविर के मध्य में से निकल कर अपने वस्त्रों को शुद्ध करो और प्रत्येक स्वयं को पवित्र करे, और कोई अपनी पत्नी के पास ना जाए, क्योंकि तीन दिन में तुम परमेश्वर की महिमा को देखोगे।" समझे? यह एक—यह एक अपने जन्म के अधिकार की प्रतिज्ञा को पाने की विधी है। अब इस्राएल की प्रतिज्ञा यह थी, जो परमेश्वर ने अब्राहम को फिलिस्तीन देश की प्रतिज्ञा दी थी, और वे इसके सदा-सदा के लिए अधिकारी हो गए थे। और इन्हें सदा इसी भूमी पर रहना था।

40 अब, वे तीन चरणों में आते हैं, इस प्रतिज्ञा के देश में आ रहे हैं। अब ध्यान दें यह सिद्ध रूप से नए नियम में नमूना है।

41 अब यह, जैसा कि मैंने कहा आप में से कुछ के विचारों से असहमति है। आप में से कुछ मूल्यवान नाजरीन लोग, चर्च ऑफ गॉड, और आदि-आदि के, यह आपको चोट ना पहुंचाएं, परंतु इसे ध्यान पूर्वक देखें और इसके प्रतिकों को ध्यान से देखें। ध्यान दें और देखें यदि हर बिंदु सिद्ध नहीं है तो।

42 वहां यात्रा के तीन चरण थे, और वहां इस यात्रा के भी तीन चरण है। क्योंकि, हम विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरे हैं, प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करने से मिस्र देश को छोड़ते हुए बाहर आए। और उसके लहू के बलिदान के द्वारा पवित्र किए गए, अपने पापों से घुल गए, और तीर्थ यात्री और

परदेसी हो गए, दावा करते हुए कि एक देश को ढूंढ रहे हैं, एक नगर जो आ रहा है, या एक प्रतिज्ञा।

43 ऐसे ही इस्राएल जंगल में परदेसी रहा, विश्राम का कोई स्थान नहीं, रात्रि, रात्रि के बाद यात्रा में चलते रहे, अग्नि स्तंभ का अनुकरण करते हुए, परंतु अंततः प्रतिज्ञा के देश पर आ गए, जहां पर बस गए।

44 यही जहां पर विश्वासी आता है। वह पहले इस पहचान पर आता है कि वह एक पापी है; तब वह पानी के द्वारा अलग किया जाता है, जल के घुलने के द्वारा, लहू के द्वारा, और... या जल के धोने के द्वारा बल्की वचन के द्वारा, प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास कर रहा है। तब विश्वास के द्वारा धर्मी ठहरा वह भागी हो गया, और परमेश्वर के साथ शांति से मसीह के द्वारा, यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया, और यात्रा में जाने दिया। आप समझे? यात्रा में! तो वह परदेसी और एक तीर्थ यात्री हो जाता है। वह अपनी यात्रा में है किस लिए? एक प्रतिज्ञा जो परमेश्वर ने की।

45 इस्राएल को अभी भी प्रतिज्ञा नहीं मिली थी, परंतु वे अपनी यात्रा में थे। और बिना उत्तेजित हुए... कृपया समझिए। यही जहां आप नाजरीन और पिलग्रीम होलीनेस है, और सब आदि-आदि। क्योंकि, इस्राएल जब वे कादेश ब्रनिया स्थान पर आए, जब भेदिये गए और कहा, “देश तो महान है,” परंतु उनमें से कुछ ने वापस आकर और कहा, “हम इसे नहीं ले सकते, क्योंकि नगर दीवारों से घिरे हुए हैं, और आदि-आदि।” परंतु यहोशू और कालेब खड़े हुए, और कहा, “हम उसे लेने के लिए योग्य से अधिक है!” क्योंकि उनके पहले से परिचय पर हस्ताक्षर के बयान क्योंकि उन्होंने अनुग्रह के दो कार्यों पर विश्वास किया था, न्योचितता और पवित्रीकरण, और इससे आगे ना जा सके। और, सुनिए, वह समस्त पीढ़ी जंगल में नष्ट हो गई। परंतु वे दो जो प्रतिज्ञा के देश में जाकर और प्रमाण को लाए थे कि यह अच्छा देश है, “और हम उसे लेने के लिए योग्य से बढ़कर है, क्योंकि यह परमेश्वर की प्रतिज्ञा थी।” तब बजाये लोग जाने के, पवित्र आत्मा प्राप्त करने के, अन्य भाषाओं में बोलने लगे, परमेश्वर की सामर्थ प्राप्त करने लगे, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, चिन्ह, चमत्कार, आश्चर्यकर्मो को, उन्होंने अनुभव किया कि यह उनकी शिक्षा के रीति रिवाज को तोड़ देगा। और इसका क्या हुआ? देश में नष्ट हो गए! यह ठीक बात है।

46 परंतु विश्वासी, कालेब और यहोशू तत्पर थे, ये प्रतिज्ञा पर जा रहे थे, वे उस देश में पहुंच गए, और देश को ले लिया, और उस भूमि में बस गए, स्वामी के समान। और हम न्यायोचितता, पवित्रीकरण पर कभी नहीं रुके। आओ हम पवित्र आत्मा के बपतिस्मे पर चले। हम प्रभु यीशु पर विश्वास करने में ना रुके, बपतिस्मा होने के बाद। हम ना रुके क्योंकि उसने हमें पाप भरे जीवन से शुद्ध किया है। परंतु अब हम एक स्थिति की ओर यत्न कर रहे हैं, पवित्र आत्मा के बपतिस्मे की प्रतिज्ञा पर। क्योंकि पतरस ने पेंटीकोस्ट के दिन कहा, "क्योंकि यह प्रतिज्ञा तुम और तुम्हारी संतानों, और उन सब दूर–दूर के लोगों के लिए भी है, जिन्हें प्रभु परमेश्वर अपने पास बुलाएगा।"

47 इसलिए, इफिसियो यहा हमें यहोशू के समान उपयुक्त स्थान में स्थिर करती है। यहोशू ने उस देश में पार पहुंचने पर, और भूमि लेते हुए, तब उसने भूमि को बांटा। "*यहां* इफ्राइम, *यहां* मन्नशे, और यह *यहां* पर, गाद *यहां* पर बिन्याबीन *यहां*।" उसने भूमि को बांटा।

48 और ध्यान दें! ओह, इस पर हमारे ह्रदय उत्तेजित होते हैं! प्रत्येक इब्री माताएं, उन बालकों को जन्म दे रही थी, उसने अपनी प्रसव पीड़ा में, वही स्थान बोला, जहां उन्हें उस प्रतिज्ञा के देश में निर्धारित स्थिति में होना था। ओह, यह महान अध्यन है! यदि हम इसके विस्तार में, जो जा सके जो कि घंटो–घंटो का समय लेगा। किसी दिन जब हम अपना आराधनालय तय कर लेंगे, तो मैं बस आकर और पक्के एक या दो महीने का समय लेना चाहता हूं, बस इसमें बने रहने के लिए। ध्यान दें जब वे, उनमें से प्रत्येक वे मातायें, जब उसने, "इफ्राईम," कहा जब वहां प्रसव पीड़ा में थी, उसे निर्धारित स्थिति में रखा गया जहां उसके पांव तेल में थे। ठीक वैसे ही उनमें से प्रत्येक जहां वे थे!

49 और यहोशू, यह ना जानते हुए, परंतु प्रेरणा के द्वारा, पवित्र आत्मा की प्रेरणा के द्वारा, प्रतिज्ञा के देश में होते हुए, प्रत्येक मनुष्य को उसकी प्रतिज्ञा दी, ठीक वही जो पवित्र आत्मा ने प्रतिज्ञा की थी उस जन्म के द्वारा वहां पहले।

50 कैसे परमेश्वर ने यह कुछ कलीसियाये प्रसव पीड़ाओं के द्वारा स्थापित की! ओह, उन्हें कभी–कभी जबरदस्त मिला। जब एक कलीसिया पीड़ाओ में तड़पती है इस संसार से अलग, प्रभु यीशु पर विश्वास करते हुए, कि पवित्र

आत्मा की प्रतिज्ञा हमारे लिए वैसे ही वास्तविक है जैसी यह पेंटीकोस्ट पर थी, कैसे वे उस प्रेस और परीक्षाओ में होते हुए कराहे और रोए! परंतु जब उन्होंने जन्म लिया, और परमेश्वर के राज्य में निर्धारित स्थान में जन्मे, तब पवित्र आत्मा ने कलिसिया में, किसी को प्रेरित, किसी को भविष्यवक्ता, किसी को शिक्षक, किसी को पास्टर, किसी को सुसमाचार सुनाने वाला नियुक्त किया। तब उसने वहां अन्य भाषाओं में बोलना, भाषाओं का अनुवाद दिए, ज्ञान, बुद्धि, चंगाई के वरदान, सब प्रकार के आश्चर्य कर्म।

51 कलीसिया कहां पर है... अब मेरे करने का यह उद्देश्य है। कलीसिया सदा किसी और का स्थान लेने का यत्न करती है। परंतु यह ना करें। आप एप्रेम के स्थान में अनाज कभी नहीं होगा सकते, यदि आप मन्नशे हैं। आपको मसीह में, आपको अपना स्थान को लेना है, स्थितिगत रूप से इसे ले ले। ओह, जब हम इसमें जाते हैं तो यह गहरा और भरा हुआ है, और कैसे परमेश्वर कलीसिया में अन्य भाषा बोलने वाले को रखता है, दूसरा... अब हमें कई बार सिखाया गया है, "हम सबको अन्य भाषा में बोलना है।" यह गलत है। "हम सबको यह करना है।" नहीं, हमें नहीं। उन सब ने एक चीज नहीं की। प्रत्येक था...

52 प्रत्येक को भूमि दी गई थी और प्रेरणा के द्वारा बांटी गई थी। और, प्रत्येक, मैं पवित्र वचन लेकर और आपको सही–सही दिखा सकता हूं, कि वह उन्हें उस स्थान पर रखता है जहां उन्हें होना था, उपयुक्त स्थान में, कैसे वह दो और आधा गोत्र नदी के इस पार रुक गये थे, कैसे उनकी माताएं उन के जन्म पर चिल्लाई, और कैसे वह प्रत्येक स्थान होना था।

53 और अब आपके अंदर आने के पश्चात, इसका अर्थ यह नहीं है कि आप बाहर होकर युद्ध से स्वतंत्र हो गए। आपको अब भी प्रत्येक इंच के लिए लड़ना है, जिस पर आप खड़े हैं। इसलिए, देखिए, कनान महान स्वर्ग को नहीं दर्शाता, क्योंकि यहां युद्ध और परेशानियां और घात और संग्राम, और आदि–आदि है। परंतु इसने यह दर्शाया, कि यह एक सिद्ध चाल होनी चाहिए।

54 यहां जहां आज कलीसिया असफल हो रही है, इस चलन पर। क्या आप जानते हैं कि आपका अपना व्यवहार किसी को चंगा हो जाने से रोक सकता है? आपका दुर्व्यवहार, आप विश्वासियो के अस्वीकार किए गए पापों से, यह इस कलीसिया के लिए करारी हार का कारण हो सकता

है। और न्याय के दिन आप हर छोटी–छोटी बात के लिए उत्तरदाई होंगे। “ओह,” आप कहते हैं, “अब, एक मिनट रुके, भाई ब्रंहम।” अरे, यह सत्य है। इस पर सोचे!

55 यहोशू, जब पार होकर उस भूमि पर पहुंच गया, परमेश्वर ने उसे प्रतिज्ञा दी की... जरा सोचिए, पूरे अभियान में युद्ध करना, बिना किसी मनुष्य की क्षति के, यहां तक कि बिना खरोच के, बिना नर्स के या प्राथमिक उपचार था, पट्टी के। आमीन। परमेश्वर ने कहा, “भूमि तुम्हारी है, जाओ लड़ो।” सोचो एक पूरे अभियान में युद्ध करना, और वहां कोई आसपास रेडक्रॉस नहीं थी, कोई भी घायल नहीं होगा!

56 और उन्होंने अमोरियो को घात किया और हित्तियो को, परंतु जब तक पाप भीतर नहीं आया एक भी घायल नहीं हुआ उस शिविर में। और जब अक्कन ने वह बाबुल का वस्त्र लिया, और वह सोने के पच्चर और अपने शिविर के नीचे छिपा ली, तब अगले दिन उन्होंने सोलह व्यक्ति गंवा दिए। यहोशू ने कहा, “रुको! रुको! एक मिनट रुको, कहीं कुछ गड़बड़ है! यहां कुछ गड़बड़ है। हम सात दिनों का उपवास रखने जा रहे हैं। परमेश्वर ने हमसे प्रतिज्ञा की है, ‘हमें कोई हानि नहीं पहुंचा सकता।’ हमारे शत्रु हमारे पैरो में गिरेंगे। और यहां कुछ गड़बड़ है। कुछ गलत हुआ है, कहीं पर क्योंकि यहां हमारे सोलह आदमी मृत पड़े हैं। इस्राएली भाई है, और वे मृत पड़े हैं।”

57 यह क्यों मर गए, निर्दोष मनुष्य? क्योंकि एक व्यक्ति पंक्ति से बाहर है। आप देखिए कारण कि इसे सिखाने की आवश्यकता है? कलीसिया पंक्ति में है, परमेश्वर के वचन के साथ, परमेश्वर के साथ और आपस में एक दूसरे के साथ पंक्तिबद्ध है, सीधे–सीधे ऊपर चल रहे हैं, संतुलन के साथ, सब मनुष्य के सामने परमेश्वर का भय मान रहे हैं। क्योंकि एक व्यक्ति ने वस्त्र चुराया है, और कुछ ऐसा किया है जो नहीं करना चाहिए और सोलह पुरुषों का जीवन ले लिया! मैं सोचता हूं यह सोलह थे, हो सकता है। अधिक मैं विश्वास करता हूं कि वे सोलह पुरुष थे जो मरे।

58 यहोशू ने बुलाकर, कहा, “कोई कहीं, गड़बड़ी है! परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है, और कोई गड़बड़ी है।”

59 जब हम रोगी को अपने सामने लाते हैं और वे चंगा होने में असफल होते हैं, तो हमें आवश्यकता है, गंभीरता से उपवास करें, सभा बुलाए। कहीं

पर कुछ गड़बड़ी है। परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है, परमेश्वर को उस प्रतिज्ञा के साथ बने रहना है, और वह इसे करेगा।

60 और उसने उपवास का प्रचार करवाया। और उन्होंने ने ढूंढ लिया, उन्होंने पर्ची डाली। और अक्कन ने इसे स्वीकार कर लिया। और उन्होंने अक्कन के परिवार को मार डाला, और सब, उन्हें जलाकर कर दिया और इसे वहां समृति चिन्ह के लिए छोड़ दिया। और यहोशू युद्धों में होकर आगे बढ़ता गया, और हर चीज को बिना किसी खरोच, या एक घाव के लेता चला गया। आप भी उसी स्थिति में है।

61 एक दिन उसे थोड़े समय की आवश्यकता थी, थोड़ा समय, कुछ अधिक समय सूर्य अस्त हो रहा था, पुरुष रात्रि के समय में अच्छा युद्ध नहीं कर सकते। यहोशू, वह महान योद्धा, परमेश्वर से अभिषिक्त, सही स्थान पर स्थापित, उस भूमि में, जैसे इफिसियों नई कलीसिया में, अधिकार, अधिकार, भूमि का अधिकार उसे ले रहे थे। उसे थोड़े से समय की आवश्यकता थी, इसलिए उसने कहा, “सूर्य, थम जा!” और वह लगभग बारह घंटो के लिए रुक गया, जब तक कि उसने वह भूमि जीत ना ली। समझे?

62 अब इफिसियो की पुस्तक हमें मसीह में सही स्थान में रखती है, कि वे पवित्र भूमि में क्या थे। हम पवित्र भूमि में नहीं रखे गए, परंतु पवित्र आत्मा में! अब हम जरा एक वचन को पढ़ते हैं, देखिए कि कलीसिया कितनी सिद्ध है:

> *पौलुस की ओर से जो परमेश्वर की इच्छा से यीशु मसीह का प्रेरित है,...*

63 ओह! मुझे यह पसंद है कि! परमेश्वर ने उसे प्रेरित बनाया। किसी प्राचीन ने उसके ऊपर हाथ नहीं रखा, किसी बिशप ने उसे कहीं नहीं भेजा, परंतु परमेश्वर ने उसे बुलाया और प्रेरित बनाया।

> *पौलुस की ओर से जो परमेश्वर की इच्छा से यीशु मसीह का प्रेरित है, उन संतो को (वे जो पवित्र हुए है) और* मसीह यीशु में *विश्वासी लोगों के नाम जो इफिसुस में है:*

64 ध्यान दे, वह इसे कैसे संबोधित करता है। यह अविश्वासियो को नहीं है। यह कलीसिया को है। यह बुलाए हुओं को कहता है, पवित्र किए गए और जो मसीह यीशु में बुलाए गए हैं।

65 अब, यदि आप जानना चाहते हैं कि हम मसीह यीशु में कैसे आते हैं, यदि आप पहला कुरुन्थियों 12 निकालेंगे, इसने कहा, "क्योंकि हम सबने एक ही आत्मा के द्वारा एक देह में होने के लिए बपतिस्मा लिया।" कैसे? किसके द्वारा बपतिस्मा? पवित्र आत्मा। पानी के बपतिस्मे के द्वारा नहीं, आप चर्च ऑफ़ क्राइस्ट के लोगो, परंतु एक ही आत्मा एस–पी–आई–आर–आई–टी के द्वारा। हाथ मिलाने के द्वारा नहीं, पत्र के द्वारा नहीं, ना एक छिड़काव के द्वारा, परंतु, "एक आत्मा के द्वारा हम सब ने एक ही देह में बपतिस्मा लिया," हमारा अधिकार, वह भूमि जो परमेश्वर ने हमें रहने के लिए दी। पवित्र आत्मा, वैसे ही जैसे उसने यहूदियों को कनान दिया, उसने हमें पवित्र आत्मा दिया। "एक ही आत्मा के द्वारा हम सब ने एक देह में बपतिस्मा लिया।" आप समझे?

66 अब, यह आत्मिक कनानियो से बात कर रहा है, इस्राएल, आत्मिक इस्राएली जिन्होंने देश को अधिकार में लिया। ओह, क्या आप आनंदित नहीं कि आप मिस्र के लहसुन से बाहर आ गए? क्या आप आनंदित नहीं आप जंगल से बाहर आ गए हैं? और स्मरण रखें, उन्हें मन्ना ही खाना था, स्वर्ग से स्वर्गदूतो का खाना, जब तक वे पार होकर उस देश में नहीं पहुंच गए। और जब वे पार होकर उस सन्देश में पहुंच गए, मन्ना गिरना बंद हो गया। तब वे पूरी तरह से परिपक्व हो गए थे, और उन्होंने भूमि का पुराना अनाज खाया। अब, अब कि आप और बालक नहीं रहे, अब आप को सुसमाचार के सच्चे दूध की इच्छा नहीं है, कि आप की देखभाल करनी पड़े, और पूचकारना और आराधनालय में आने के लिए उत्साहित करना पड़े, अब आप वास्तविक परिपक्व मसीही है, अब आप ठोस भोजन खाने के लिए तैयार है। "आप उसमें आने के लिए तैयार है," जो उसने कहा। आप उन बातों को समझने के लिए तैयार है जो गहरी और भरपूर है। ओह, हम उस में सीधे–सीधे जा सकते हैं। और, ओह, यह पृथ्वी के रचने से पहले छिपी हुई है। उसने कहा, "अब आप इसमें आ गए हैं, मैं यह आपको संबोधित कर रहा हूं।" उन्हें नहीं जिन्होंने अभी–अभी मिस्र को छोड़ा है, उनको नहीं जो अब भी यात्रा में है, परंतु उनको जो प्रतिज्ञा के देश में है, जिन्होंने प्रतिज्ञा प्राप्त कर ली है।

67 कितनों ने पवित्र आत्मा की प्रतिज्ञा प्राप्त कर ली है? ओह, क्या आप आनंदित नहीं है कि आप यहां देश में है? अब यहाँ पर, पुराने अनाज को खा रहे हैं, परमेश्वर की ठोस वस्तुओं को खा रहे हैं और स्पष्ट समझ को

प्राप्त किया है। आपका—आपका आत्मिक मस्तिष्क व्यवस्थित हो गया है। आप जानते हैं कि सही में वह कौन हैं। आप ठीक–ठीक जानते हैं वह क्या है। आप ठीक–ठीक जानते हैं आप कहां जा रहे हैं। आप इस विषय में सब ठीक–ठीक जानते हैं। आप जानते हैं कि आपने किस में विश्वास किया है और उत्साहित हुए हैं आपने जो आज के दिन के विरोध में वचन बद्ध हुए है वह उसे बनाए रखने के योग्य है। ओह! यही वह है, इन्हीं से जिनसे अब पौलुस बात कर रहा है। ध्यान से सुनिए। अब देखिए।

... मसीह यीशु में विश्वासी:

68 अब, इसे दोहराने के लिए मेरे पास कलीसिया हो। हम मसीह में कैसे आते हैं? कलीसिया में सम्मलित होने के द्वारा? नहीं। अपने नाम को पुस्तक में लिखवाने के द्वारा? नहीं। डुबकी का बपतिस्मा लेने के द्वारा? नहीं। कैसे हम मसीह में आते हैं? एक ही पवित्र आत्मा के द्वारा हम सब ने एक प्रतिज्ञा में बपतिस्मा लिया, देह में, और वह सब जो उस देश में है उसके भाग हो गए हैं। आमीन! ओह, मुझे—मुझे यह पसंद है। यदि मेरा गला खराब ना होता, तो मैं चिल्ला सकता था। जब, मैं इस भूमि में आ गया, यह मेरी है। अब में घर में हूं; मैं कनान में हूं। मैं प्रत्येक बात जिसके लिए परमेश्वर मुझे प्रयोग करना चाहता है अधीन हूं। मैं पवित्र भूमि पर चल रहा हूं, एक राजा का बालक, वस्त्र पहने हुए और तैयार। मैं मिस्र से बाहर आ गया हूं, प्रतिज्ञा के देश से होकर आया हूं, परीक्षाओं में स्थिर रहा हूं, यर्दन से पार हो गया हूं और इस धन्य प्रतिज्ञा में हूं। मैंने किस प्रकार इसे पाया? एक ही आत्मा के द्वारा। इसी प्रकार से पौलुस ने इसे पाया, मुझ पर भी उसी प्रकार से हुआ, जैसा उस पर हुआ, उसी प्रकार से आप पर किया। “एक ही आत्मा के द्वारा हम सब ने बपतिस्मा लिया।” ना की छीटे से, इसका केवल थोड़ा सा छिड़काव, बहुत अच्छा लगता है; परंतु मैं नीचे डूबा हूं! सब कुछ पवित्र आत्मा के अधीनता के नीचे, तैरने को बनाया गया। यही प्रतिज्ञा है।

69 हमारा इफिसियों, हमारा यहोशू, जो कि पवित्र आत्मा है, *यहोशू* का अर्थ “यीशु, बचाने वाला।” यहोशू का अर्थ, पवित्र आत्मा इसका आत्मिकता में प्रतिनिधित्व करता है जैसा कि वह स्वाभाविक में था, कि वह हमारा महान योद्धा है। वह हमारा महान मार्गदर्शक है। जैसे परमेश्वर यहोशू के साथ था ऐसा ही परमेश्वर है (पवित्र आत्मा में) हमें चला रहा है।

और जब पाप शिविर में आता है, तो पवित्र आत्मा रुकने की मांग करता है, “यहां इस कलीसिया में क्या गड़बड़ी है? कुछ गलत है।” ओह, क्या आप नहीं देख सकते कि हम में कैसे बहुत सारे कीश के पुत्र हैं अब? बहुत सारे शाऊल धर्म विद्यालयों से आ रहे हैं और स्त्रियों से और सेमनरियो से और बाहर जाकर विकृत बातों को सिखा रहे हैं, जैसा कि बाईबल ने कहा वे करेंगे। “प्रतीत होता है, विश्वास नहीं है, अपने आप को आप पर आप से अलग कर रहे हैं, आपके साथ कोई संगति नहीं है, और आदि–आदि, भक्ति का भेष भरते हैं और उसकी सामर्थ को नकारते है: ऐसों से अलग रहना।” वे नहीं जानते कि कहां से आए हैं, वे कारण नहीं बता सकते।

70 मैं यहां भाई भूथ क्लिबोर्न की ओर से कह रहा हूं, मेरा एक मित्र है, यदि कोई ऐसी चीज है जो कि... अनाधिकृत है, अभक्ति से जन्मी हुई, संसार की कोई भी चीज, वह खच्चर है। खच्चर सबसे नीचे हैं। वह है... वह—वह नहीं जानता कि वह कौन है। वह स्वयं को उत्पन्न नहीं कर सकता। एक खच्चर दूसरे खच्चर को जन्म नहीं दे सकता और खच्चर हो जाए। वह समाप्त हो गया। वह नहीं जानता की उसका पिता कहां से आया, ना ही अपनी मां को जानता है, क्योंकि वह एक छोटा—एक छोटा गधा है और एक घोड़ी। परमेश्वर ने यह नहीं किया। ऐसे को आप परमेश्वर के जिनमें ना डालें। परमेश्वर ने यह कभी नहीं किया। परमेश्वर ने कहा, “हर चीज अपनी जाति को उत्पन्न करेगी।” हां, श्रीमान। परंतु यह एक खच्चर एक—एक है... उसका पिता गधा था और उसकी मां घोड़ी इसलिए वह नहीं जानता कि वह कहां से है। वो—वो—वो एक घोड़ा है, एक खच्चर बनने का यत्न कर रहा है, याने एक खच्चर... या—या वह एक घोड़ा है, गधा बनने का यत्न कर रहा है, एक गधा घोड़ा बनने का यत्न कर रहा है। वह नहीं जानता की वह कहां से है। और संसार में वह बहुत मजबूत चीज है। आप उस पर जरा भी विश्वास नहीं कर सकते।

71 और इसी प्रकार से कलीसिया में बहुत से लोग हैं। वे नहीं जानते कि उनका पिता कौन है, वे नहीं जानते कि उनकी मां कौन है। वे केवल एक बात जानते हैं, या तो वे प्रेसबीटेरियन, मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट या पेंटीकोस्टल, या कुछ है। वे नहीं जानते कि वे कहां से आए हैं। और एक बूढ़ा गधा, आप उस पर जितना चाहे उतना चिल्लाए, जितना आप उस पर चिल्ला सकते है, और वह वहां खड़ा हुआ और अपने कानों को चिपकाए, और देखता है। आप उन्हें सारी रात प्रचार कर सकते हैं, और वे जब जाते हैं तो जरा

भी और अधिक नहीं जानते उतना ही जानते हैं जितना अंदर आते समय जानते थे। अब यह ठीक बात है। मेरा अर्थ असभ्य होने से नहीं, परंतु मैं आपको सत्य बताना चाहता हूं।

72 परंतु एक चीज जो वे कर सकते हैं, कि वे अच्छे कार्यकर्ता है। ओह, वे बस काम, काम, काम, काम करते हैं। यह मुझे उन आरमेनियन झुण्ड के विचार में ले जाता है वे सदा कार्य का यत्न इस प्रकार से करते हैं कि उनका मार्ग स्वर्ग की ओर हो। यह ठीक बात है, एक खच्चर। ओह! महिला सहायक समिति, और मुर्गी दावत, ताकि प्रचारक को भुगतान करें। "और हमें यह नृत्य करना है, और यह सामाजिक।" यह केवल काम, काम, काम, काम, काम, काम, काम है। ओर, वे, किसके लिए यह कार्य कर रहे हैं?

73 उनसे पूछे, "क्या जब से आप विश्वास किया है आपने पवित्र आत्मा पाया? "

74 वे अपने कान बंद कर लेते हैं, और नहीं जानते कि वे कहां से है, जा रहे है, "आपका क्या अर्थ है? *यह* कहाँ हुआ? आपका क्या अर्थ है, वह पवित्र आत्मा? मैंने इसके विषय में कभी कुछ नहीं सुना। ओह, आपके किसी प्रकार के कट्टरपंथी है।" देखिए, वे नहीं जानते कि पिता कौन था, या मां कौन थी। और आप हर काम जो करते हैं, उसके लिए उन्हें पीटना पड़ेगा, *यहां* मारो, *वहां* मारो और *यहां* मारो और *वहां* मारो। यह ठीक बात है, और पुराना खच्चर।

75 परंतु, मैं तुम्हें बताता हूं, आपको यह किसी अच्छे नस्ल के घोड़े के साथ यह नहीं करना पड़ेगा। बस उसको एक बार चाबुक मारे, और भाई वह गया। वह जानता है वह क्या कर रहा है। ओह, सही नस्ल के घोड़े की सवारी कितनी अच्छी है! यह कहने में कितना अच्छा है, "लड़के, आओ।" ओह, पुरुष, अच्छा है कि आप कसकर पकड़े रहे, वह काठी को हवा में उड़ा देगा।

76 सही नस्ल वाले मसीही के साथ सही बात है। हाल्लेलुय्या! "तुम पवित्र आत्मा प्राप्त करो। तुम में से प्रत्येक प्राश्चित करें, तुम में से प्रत्येक, और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले, अपने–अपने पापों की क्षमा के लिए।" गया, जितनी जल्द ही वे पानी में जा सकते हैं, वे चले गए। वे दिन और रात चैन से नहीं रह सकते जब तक वे पवित्र आत्मा प्राप्त ना कर ले। क्यों? आप जानते हैं, एक मसीही जानता है कि उसका पिता कौन था। देखिए,

जन्म देने के लिए यह दो को लेता है। वे सही, पिता और माता। खच्चर नहीं जानता कौन सा पिता था, या मां कौन थी। परंतु हम जानते हैं कि कौन पिता और मां थे, क्योंकि हम परमेश्वर के लिखित वचन से जन्मे है, आत्मा द्वारा पुष्टि किए हुए। पतरस ने कहा, पेंटीकोस्ट के दिन पर, "यदि आप लोग प्राश्चित करोगे और तुम में से प्रत्येक जन, यीशु मसीह के नाम से बपतिस्मा ले, अपने–अपने पापों की क्षमा के लिए, तो तुम पवित्र आत्मा के दान को पाओगे।"

77 और, भाई, एक वास्तविक नया जन्म पाया हुआ मसीही, (ओह, प्रभु) उसकी आत्मा, जैसे ही वह जैसे ही वह वचन लेता है, वह पवित्र आत्मा प्राप्त करता है। तब उससे कुछ पूछिए! वह जानता है कि वह कहां खड़ा है। "क्या तुम दिव्य चंगाई में विश्वास करते हो? "

"आमीन!"

"क्या आप दूसरे आगमन पर विश्वास करते हैं? "

"आमीन!"

78 यह खच्चर से पूछे। खच्चर धर्म, "ओह, मैं नहीं जानता। डॉक्टर जोंस ने एक बार कहा था... " ओह! ये, शाऊल के पीछे जाते हैं। समझे? "ओह, वे नहीं जानते। अच्छा, मैं आपको बताता हूं कि मेरी कलीसिया इस विषय में निश्चित नहीं है।"

79 ओह, भाई, और परंतु फिर से जन्म पाया हुआ एक पुरुष और महिला प्रभु यीशु के आने में निश्चित है, वे ऐसे ही निश्चित है जैसे उन्होंने पवित्र आत्मा पाया है कि पवित्र आत्मा देने के लिए है।

80 अब, यीशु ने कहा... कुएं पर वह स्त्री, "हम इस पहाड़ पर भजन करते हैं, और यहूदी येरूशलेम में।"

81 उसने कहा, "स्त्री मेरे वचन सुन! समय आता है, और अब है, कि पिता उन्हें ढूंढता है जो उसकी आराधना आत्मा और सच्चाई से करेंगे।"

82 "वचन सत्य है।" और प्रत्येक व्यक्ति जो बाईबल पढेगा और जो बाईबल कहती है उसके प्रत्येक वचन का विश्वास करेगा, और उसकी आज्ञाओ का पालन करेगा, और वही पवित्र आत्मा प्राप्त करेगा जो उन्होंने प्राप्त की, उसी प्रकार से जैसे उन्होंने पाया, वहीं परिणाम वे पाते हैं, वही सामर्थ जो इन्होंने पाई जो उन्होंने पाई थी, वह जानता है कौन उसका पिता और माता

थे। वह जानता है कि वह यीशु मसीह के लहू से धोया गया है, आत्मा द्वारा जन्मा है, परमेश्वर के अभिषेक से भर गया। वह जानता है कि वह कहां से खड़ा है। निश्चित ही! वह कनान में है। वह जानता है कि वह कहां से आया है। वास्तविक मसीही के साथ ऐसा ही है। उससे पूछे, "क्या जब से आपने विश्वास किया है पवित्र आत्मा पाया? "

"आमीन, भाई!"

83 उस दिन एक बूढ़े संत के पास खड़े हुए बानवे वर्षीय उसके महिला के, अस्सी वर्षीय पास्टर से बात कर रहा था, मैंने कहा, "दादी मां? "

एक चमक के साथ जितनी हो सकती है, वह बोली, "हां, मेरे पुत्र।"

84 मैंने कहा, "कितना समय हुआ कि आपने पवित्र आत्मा पाया? "

उसने कहा, "परमेश्वर की महिमा हो! लगभग साठ वर्ष पहले मैंने इसे पाया।"

85 अब, यदि वह खच्चर होती, तो उसने कहा होता, "अब, एक मिनट रुकिए, मेरा पुष्टीकरण और छिड़काव तब हुआ था जब मैं... अच्छा, निश्चय ही, और उन्होंने मुझे कलीसिया में लिया था और मैंने अपना पत्र *इस* प्रकार लिया था।" ओह, मुझ पर दया हो! वे यह भी नहीं जानते कि वे कहां से हैं।

86 परंतु वह जानती है कि उसका जन्म सिद्ध अधिकार कहां से आता है। जब यह घटित हुआ वह वहां पर थी। उसने जल से जन्म लिया और आत्मा से। वह जान गई, और जल के द्वारा वचन के जल के धोने के द्वारा, वचन लेता है।

87 अब ध्यान दे कि यह कैसे संबोधित किया गया है, "उनको जो मसीह यीशु में है।" पौलुस, अब, स्मरण रखें... मैं लंबा समय ले रहा हूं, परंतु मैं अध्याय को नहीं ले रहा हूं। परंतु मैं जल्दी करूंगा... क्या आप यह पसंद करते हैं? ओह, यह हमें बताता है कि हम कहां पर हैं, परंतु हम इसे केवल एक रात्रि में नहीं कर सकते। हमें एक दो महीने के लिए, प्रत्येक रात्रि चाहिए, की इसका अध्ययन करते हुए निकले, शब्द–शब्द करके निकाले। वापस जाकर इसे इतिहास में से लेकर आए और इस शब्द–शब्द करके निकाले, और आपको दर्शाऊं कि यह सत्य है। अब मैं इस पद को फिर से जल्दी पढ़ दू।

पौलुस की ओर से जो परमेश्वर की इच्छा से यीशु मसीह का प्रेरित है (मनुष्य की इच्छा से नहीं), *संतों के नाम जो इफिसुस में है, और* (समुच्चयबोधक) *मसीह यीशु में जो विश्वासी है:*

88 अर्थ है कि, "वे लोग बुलाए हुए हैं, अलग किए हुए, और अब पवित्र आत्मा का बपतिस्मा पाया है, और मसीह यीशु में है। और मेरे प्यारो, यह मैं तुम्हें संबोधित कर रहा हूं।" ओह! मैं पौलुस के लिए सोचता हूं, वहां उनके साथ इस समय, ओह, कैसा आनंद है! यह बूढ़ा प्रेरित इसका वहां पर सिर काटा गया था। मैं उस स्थान के पास खड़ा था जहां उन्होंने उसका सिर काटा था। परंतु, ओह, परंतु उसका सिर उस नई देह पर है, और दोबारा कभी नहीं कट सकता। और इस घड़ी वह वहां उनके साथ खड़ा है, वही प्रेरित जिसने यह लिखा है। और कहा, "तुम जो मसीह यीशु में हो! एक ही आत्मा के द्वारा हम सब ने इस एक देह में बपतिस्मा लिया।" अब ध्यान दें।

हमारे पिता परमेश्वर, और... प्रभु यीशु मसीह की ओर से तुम्हें अनुग्रह और शांति मिलती रहे।

हमारे प्रभु यीशु मसीह के परमेश्वर और पिता का धन्यवाद हो, कि उसने हमें सब...

ओह, चार्ली, क्या तुम सुन रहे हो?

... हमें सब आत्मिक आशीषो से आशीषित किया है...

89 ना कि कुछ को प्रेरित और कुछ को *यह,* परंतु उसने हम, सब प्रकार की आत्मिक आशीषो से आशीषित किया है। वहीं पवित्र आत्मा जो पेंटीकोस्ट पर उतरा था वहीं पवित्र आत्मा आज यहां पर है। वही पवित्र आत्मा जिसने मरियम को चिल्लावाया, और अन्य भाषा बोली और शानदार समय और आनंद किया, और बातें जो उसने की, वही पवित्र आत्मा आज रात्रि यहां है। वही पवित्र आत्मा जिसने पौलुस को पानी के जहाज पर, जहां वह पानी के लठठे के समान दिखाई पड़ा, और चौदह दिन, रात कोई सितारा या चांद नहीं। उसने वहां देखा और हर लहर पर शैतान सवार था, फिसलता हुआ दांत चमका रहा था, और कहा, "मैं तुम्हें डूबा दूंगा, तू बूढ़े लड़के, अब। मैंने तुझे अब ले लिया है।"

90 और जब पौलुस नीचे प्रार्थना करने को गया, तो वहां एक स्वर्गदूत खड़ा हुआ था, कहा, “पौलुस, तू ना डर। यह पुराना जहाज अमुक द्वीप पर टूटने जा रहा है। आगे बढ़कर अपना भोजन खा, अब यह ठीक है।”

91 यहां वह अपने छोटे–छोटे हाथों पर जंजीरों के साथ आता है, उसके पैरो से जंजीर खींचती आ रही है, और कहा, “भयभीत ना हो, पुरुषों, क्योंकि परमेश्वर, परमेश्वर का स्वर्गदूत, जिसका मैं दास हूं, मेरे पास आ खड़ा हुआ और कहा, ‘पौलुस, तू मत डर।’” वही पवित्र आत्मा आज रात्रि यहां पर है, परमेश्वर का वही आत्मा, हमारी सेवा कर रहा है वही आत्मिक आशीषे।

> *... हमें स्वर्गीय स्थानों में आत्मिक आशीषो से आशीषित किया है...*

92 ओह, हम यहां पर जरा एक मिनट रुके। “स्वर्गीय स्थानों में।” अब, कहीं किसी स्थान में नहीं, परंतु स्वर्गीय स्थानों में। हम “स्वर्गीय,” में एकत्र है, इसका अर्थ उस विश्वासी का स्थान। कि यदि मुझ पर प्रार्थना हो चुकी है, तुम्हारे लिए प्रार्थना हो गई है, या कलीसिया ने प्रार्थना कर दी है, और हम संदेश के लिए तैयार हैं और हम संतो के समान यहां पर एकत्र हैं, बुलाए हुए, पवित्र आत्मा से बपतिस्मा पाए हुए, परमेश्वर की आशीषो से भरे हुए, बुलाए हुए, चुने हुए, स्वर्गीय स्थानों में, अब बैठे हुए हम अपने प्राणों में स्वर्गीय है। हमारी आत्माएं हमें स्वर्गीय वातावरण में ले गई है। ओह भाई! आप वही हैं, एक स्वर्गीय वातावरण में! ओह, आज रात्रि क्या घटित हो सकता है, आज रात्रि क्या हो सकता है यदि हम स्वर्गीय वातावरण में बैठे हुए होते, और पवित्र आत्मा प्रत्येक ह्रदय पर जो यहां फिर से बना है मंडरा रहा है और मसीह यीशु में नहीं सृष्टि है? सारे पाप लहू के तले, उस सिद्ध आराधना में, हमारे हाथ परमेश्वर की ओर उठे हुए हमारे ह्रदय उठे हुए, मसीह यीशु में स्वर्गीय स्थानों में बैठे हुए हैं, स्वर्गीय स्थानों में मिलकर आराधना कर रहे हैं।

93 क्या आप कभी एक में बैठे हैं? ओह, मैं तब तक बैठा रहूंगा कि मैं आनंद से रो ना पडू और कहूं, “परमेश्वर मुझे यहां कभी ना छोड़े।” केवल मसीह यीशु में स्वर्गीय स्थान!

94 हमें किस से आशीषित किया है? दिव्य चंगाई, पूर्वज्ञान, प्रकाशन, दर्शनो, सामर्थो, अन्य भाषाओ, अनुवादो, बुद्धिमानी, समझ, सारी स्वर्गीय

आशीषे, और ना बता सकने वाला आनंद और महिमा से भरा हुआ, प्रत्येक हृदय आत्मा से भरा हुआ, एक साथ चल रहे हैं, एक साथ स्वर्गीय स्थानों में बैठे हैं, कोई भी एक बुरा विचार हमारे बीच में नहीं है, एक भी सिगरेट नहीं पी गई, कोई छोटे वस्त्र नहीं, एक भी *यह* नहीं, *वह* नहीं या *कुछ,* और एक भी बुरा विचार नहीं, किसी में किसी के विरोध में कुछ नहीं, हर कोई प्रेम और एक रसता में बात कर रहा है, एक स्थान में सब एक ही विचार में, "तब यकायक स्वर्ग से तेज आंधी के समान शब्द आता है।" आप वहीं पर है, "हमें सारी आत्मिक आशीषो से आशीषित किया है।"

95 तब पवित्र आत्मा किसी पर उतर सकता है, और कहे, "**यहोवा यों कहता है**। अमूक–अमूक स्थान पर जाओ और वह कार्य करो देखिए।" *यह* चुटकी बजाने के समान होता है। [भाई ब्रंहम अपनी उंगलियों से चुटकी बजाते हैं—सम्पा।] देखा? "**यहोवा यों कहता है**। अमूक स्थान पर वह ठाना हुआ कार्य करो।" देखिए यह *उसी* प्रकार होता है। [भाई ब्रन्हम अपनी उंगलियों से चुटकी बजाते हैं।]

96 "हमें एक साथ सारी स्वर्गीय आशीषो से स्वर्गीय स्थानों में आशीषित किया।" देखिए!

जैसा कि उसने हमें चुन लिया...

97 क्या हमने उसे चुना, या उसने हमें? उसने हमें चुना। कब? उस रात्रि जब हमने उसे स्वीकार किया? चुना!

जैसा कि उसने हमें जगत की उत्पत्ति से पहले उसमें चुन लिया, कि हम उसके निकट प्रेम में पवित्र... और निर्दोष हो... (नामधारियों में?)... *प्रेम में:*

98 परमेश्वर ने हमें कब चुना? परमेश्वर ने आपको कब चुना, यही पवित्र आत्मा पाया? उसने आपको कब चुना? संसार की सृष्टी से पहले। अपने पूर्वज्ञान के द्वारा, उसने आपको पहले ही देख लिया था और जानता था कि आप उससे प्रेम करेंगे। संसार की सृष्टि से पहले संसार के रचने से, पहले आपको चुना, और यीशु को भेजा ताकि वह आपके पापों को शांत करने वाला हो कि तुम्हें बुलाएं, कि स्वयं से मेल मिलाप कर ले, कि प्रेम करें। ओह, इच्छा है कि हमारे पास कुछ और मिनटों को हो।

99 मुझे इसके पहले कि हम कुछ आगे बढ़े, वापस उत्पत्ति 1:26 में जाए। मैं बुधवार को इसे लूंगा। परमेश्वर ने जब मनुष्य को बनाया... इसके पहले

की मनुष्य को बनाता उसने स्वयं को “एल,” ई–एल, एल; ई–एल–एच, “एलह,” “एलोहीम।” कहा इब्रानी में, इस शब्द का अर्थ, “स्वयं भू,” सब स्वयं से। उससे पहले कुछ भी विद्यमान नहीं था, वही केवल अस्तित्व में था, एक स्वयं भू! केवल एल, एला, एलोहिम का अर्थ है “सर्व–पर्याप्त, सर्व–सामर्थी, सर्व– शक्तिमान, स्वयं–भू।” ओह!

100 परंतु उत्पत्ति 2 में, जब उसने मनुष्य को बनाया, उसने कहा, “मैं हूं,” वाय–ए–एच–यू, जे–यू–वी–यू–एच, *यावेह,* “यहोवा।” इसका क्या अर्थ है? “मैं ही सर्वे–सर्वा हूं वह जिसने स्वयं में से उत्पत्ती की, कि मैं मेरा पुत्र हो, या एक अल्पकालिक, एक अप्रवीण, एक मुझ में से छोटा।” महिमा हो! क्यों? उसने मनुष्य को दिया... *यहोवा* का अर्थ “उसने मनुष्य को एक नौसिखिया ईश्वर में होने दिया।” क्योंकि वह एक पिता है, परमेश्वर, और उसने मनुष्य को एक नौसिखिया ईश्वर बनाया, इसलिए वह स्वयं–भू नहीं रहा, वह अपने परिवार के साथ में है। एलह, एलह, एलोहिम। अब, अब वह यहोवा है। *यहोवा* का अर्थ, “वह जो अपने परिवार के साथ विद्यमान होता है।” परमेश्वर ने मनुष्य को समस्त पृथ्वी पर राज्य करने के लिए बनाया, उसके पास राज्य था। और पृथ्वी मनुष्य के अधिकार में थी। क्या यह वचन है? तब यदि यह उसके अधिकार में थी, तो वह इस पृथ्वी पर ईश्वर था, वह बोल सकता था, और वैसा होता। वह *यह* बोल सकता था, और वैसा होता। ओह! वह वही है, परमेश्वर यहोवा, वह जो एक समय स्वयं–भू था, परन्तु अब अपने परिवार के साथ अस्तित्व में है, और उसके बालक उसके साथ हैं। आप वहीं पर हैं।

101 अब, इसे पढ़े। हम इसे बुधवार रात्रि में देखेंगे, जब हमारे पास अधिक समय होगा। हमारे पास अब पंद्रह मिनट का समय और है और हम... मैंने सोचा मैं यहां किसी निश्चित स्थान पर आ जाऊं, परंतु हम नहीं हो पाएंगे, जहां पर हम प्रतिज्ञा के पवित्र आत्मा से मोहर बंद हो जाए। ठीक है।

102 अब, हम कब परमेश्वर के दास कहलाए थे? ओरमन नेविल कब परमेश्वर के दास कहलाए? ओह, प्रभु! यह मुझे विचलित कर देता है। मैं आपको बताता हूं हम कुछ बचा वचनो को ले। मैं चाहता हूं कि पहले आप पहला पतरस 1:20 को ले। और, पेट, प्रकाशितवाक्य 17:8 निकालो। और मैं प्रकाशितवाक्य 13 लेता हूं। अब हम यहां सुनना चाहते हैं, आप जानना चाहते हैं कि परमेश्वर ने आपको कब मसीही कहा। ओह, मुझे यह

अच्छा लगता है। यह है, “मनुष्य केवल रोटी से ही जीवित नहीं रहेगा, परंतु हर वचन से जो परमेश्वर के मुख से निकलता है।” ठीक है, भाई नेविल आपने पहला पतरस 1:20 निकाल लिया। [भाई नेविल कहते हैं, “1:20।”—सम्पा।] अच्छा, पढ़िए 1:19 और 1:20। इसे सुनिए यह। [“1:19 और 20।”] हां।

> [*पर निर्दोष और निष्कलंक मेमने, अर्थात मसीह के बहुमूल्य लहू के द्वारा हुआ:*]

> [*उसका ज्ञान तो जगत की उत्पत्ति से पहले ही से जाना गया था पर अब इस अंतिम युग में तुम्हारे लिए प्रगट हुआ।*]

103 वह कब से ठहराया गया? जगत की उत्पत्ति से पहले। भाई पेट, मेरे लिए पढ़िए प्रकाशितवाक्य 17:8।

> *[वह पशु तूने देखा है, वह पहले तो था पर अब नहीं है; और अथाह कुंड से निकल कर विनाश में पड़ेगा: और वे जो पृथ्वी के रहने वाले आश्चर्य करेंगे, जिनके नाम जगत की उत्पत्ति के समय से जीवन की पुस्तक में लिखे नहीं गए, इस पशु की यह दशा देखकर कि पहले था और अब नहीं है और फिर आज आ जाएगा अचंभा करेंगे।]*

104 कौन धोखा खाने वाला है? कौन इस धार्मिक व्यक्ति के द्वारा धोखा खाने जा रहा था जैसे शाऊल था? वह बहुत चालाक था और इतना सिद्ध जब तक कि वह किसको धोखा ना दे? वही–... [सभा कहती है, “चुने हुओं को।”—सम्पा।] यदि... [“संभव हो।”] संभव हो। ठीक है, प्रकाशितवाक्य 13:8, मैं आपके लिए यह पढ़ दू:

> *और पृथ्वी के यह सब रहने वाले... पृथ्वी के यह सब रहने वाले उसकी आराधना करेंगे, जिनके नाम उस मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखे नहीं गए थे, जो जगत की उत्पत्ति के समय से पहले घात हुआ है।*

105 हमारे नाम कब मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखे गए? जब मेमना जगत की उत्पत्ति से पहले घात किया गया। जब परमेश्वर यहोवा था, एल, एलाह, एलोहिम, वो एक स्वयं–भू। बस जैसे कि एक बड़ा हीरा, और वह और कुछ नहीं हो सकता, परंतु इस हीरे के अंदर उसके गुण बचाने वाले के थे। इस गुण में, उसके अंदर, एक चंगा करने वाला था। वहां, कोई बचने

वाला नहीं था और ना चंगा होने वाला, परंतु उसके गुणों ने उसे उत्पन्न किया। इसलिए तब जगत की उत्पत्ति से पहले, जब उसने जाना, कि वह महान प्रधान प्रदर्शन, यहां उसमें, कि वह एक बचाने वाला होगा कि वह आएगा और देह बनेगा और हमारे मध्य में रहा, और वह जानता था कि उसके कोड़े खाने से हम चंगे होंगे, जगत की उत्पत्ति से पहले उसने मेमने को पुस्तक पर बलिदान किया, और आपके नाम उस पुस्तक में जगत की उत्पत्ति से पहले लिखे। ओह!

106 इसे सुनिए! पहले से ठहराया जाना पूर्व ज्ञान को पलट कर देखता है, मेरा अर्थ चुनाव। चुनाव पूर्व ज्ञान की ओर पीछे देखता है, और पहले से ठहराया जाना भाग्य को देखता है। इसे ना भूले कि चुन लिया जाना, यहां पीछे देखता है, यह यहां पर है, "मैं एक गोखरू था। मैं पाप में जन्मा, अपराध में बढ़ा, संसार में झूठ बोलता हुआ आया, पापियों के मध्य में जन्मा। पिता और माता और मेरा समस्त परिवार पापी, मैं एक कंटीला गोखरु था। परंतु अचानक से, मैं गेहूं का दाना हो गया। यह कैसे घटित हुआ? " ये, यह क्या है? चुनाव। परमेश्वर ने पृथ्वी के रचने से पहले इस कटीले गोखरू को चुना ताकि यह गेहूं का दाना बने। "अब मैं जानता हूं कि मैं गेहूं का दाना हूं, क्योंकि मैं बचा लिया गया हूं। मैं यह कैसे किया? " पीछे देखा और देखा कि यह उसने पहले से ठहराया था, बहुत समय पहले। उसने पूर्वज्ञान से इसे देखा कि मैं उससे प्रेम करूंगा, इसलिए उसने अपने ही पुत्र के द्वारा एकाधिकारी बनाया, कि उसके द्वारा मैं गोखरू कांटे से गेहूं का दाना हो गया। "अब मैं कहां पर हूं? " मैं बच गया मैं परमेश्वर के अनुग्रह में चल रहा हूं। "पहले से ठहराया जाना क्या देखता है? " भाग्य को। "वह मुझे कहां ले जाएगा, और मैं कहां जा रहा हूं? " आमीन। इसने आपको पा लिया। आप इसी स्थिति में है।

107 अब हम थोड़ा सा आगे पढ़ें, और तब हमें जल्द ही बंद करना है।

जैसा उसने हमें... जगत की उत्पत्ति से पहले उसमें चुन लिया, कि हम उसके निकट प्रेम में... पवित्र और निर्दोष हो:

और अपनी इच्छा के सुमिति के अनुमति के अनुसार, हमें अपने लिए पहले से ठहराया कि यीशु मसीह के द्वारा, हम उसके लेपालक पुत्र हो,

108 उसने क्या किया? उसने पूर्व ज्ञान के द्वारा, हमें पहले से देखा, यह जानते हुए कि वह एक बचाने वाला था, स्वयं–भू। कोई भी स्वर्गदूत नहीं था, कुछ नहीं; केवल परमेश्वर एला, एलोहिम, स्वयं–भू, कुछ भी नहीं केवल वही अकेला। परंतु उसमें एक बचाने वाला था। अच्छा, तो वह क्या बचाने जा रहा था, कुछ भी नहीं खोया था? यह जानते हुए, तब उसने जाना कि उसके अंदर का यह महान गुण सामने की कोई परियोजना होगी कि वह बचा सके। तब जब यह उसके पूर्व ज्ञान से हुआ, उसने देखा और उसने प्रत्येक को देखा जो इसे स्वीकार करेगा। और तब ऐसा करने के द्वारा, उसने कहा, "इसे बचाने के लिए केवल एक ही विधी है जो मैं यह कर सकता हूं, स्वयं नीचे उतरूंगा और देह बनूंगा और मनुष्य के पापों को अपने पर लेगा और उसके लिए मरू, ताकि मैं वह हो सकूं जिसकी आराधना की जाए," क्योंकि वह परमेश्वर है, आराधना का उद्देश्य।

109 तब वह नीचे उतरा और अपने ऊपर ले लिया। और जबकि उसने यह किया, उसने यह किया कि ताकि वह आपको बचा सके जो बचना चाहते थे। क्या आप समझे मेरा क्या अर्थ है? पूर्वज्ञान के द्वारा, और वह असीम परमेश्वर, जो सारी बातें जानता है, मेमने को देखा, और उसने मेमने को पृथ्वी के रचने से पहले बली किया, और उसने आपका नाम मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखा। और उसने शैतान की धोखेबाजी को देखा कि वह क्या करेगा। इसलिए उसने आपके नाम को वहां रखा। और उसने कहा कि मसीह विरोधी इतना धार्मिक होगा, इतना अच्छा, इतना अच्छा व्यक्ति, ऐसा समझदार पुरुष, इतना धार्मिक मनुष्य कि वह यदि संभव हो सके तो चुने हुए को भी बहका दें। परंतु यह असंभव है, क्योंकि उनके नाम जगत की उत्पत्ति से पहले अभिषिक्त है। उसने उन्हें चुनाव के द्वारा चुना है और पहले से ठहराए जाने के द्वारा, वे जानते हैं कि वे कहां जा रहे हैं। आप उसी स्थिति में है।

110 अब इसका कौन सन्देह कर सकता है? यही पौलुस ने कहा है। यह पौलुस का वचन है। यह पौलुस का लेख है। यही है जो उसने कलीसिया में सिखाया। पृथ्वी के रचने से पहले, कलीसिया, यथा स्थान पर। जब परमेश्वर, अपनी जच्चा की पीड़ा, आपको ला रहा था, ला रहा था, जानते हुए कि आप क्या करेंगे, वह आपको अपनी देह में सही स्थान पर रखता है, कि एक गृहणी बने, एक किसान होने के लिए हो, प्रचारक होने के लिए, भविष्यवक्ता होने के लिए, *ये* या *वह।* वह आपको सही स्थान पर रखता

है। तब जब हम मिस्र के लहसुन वाले देश से आए, पवित्रीकरण से होते हुए और प्रतिज्ञा के देश में बपतिस्मा लिया... क्योंकि, पवित्र आत्मा परमेश्वर की प्रतिज्ञा है। इफिसियों 4:30 ने कहा, "परमेश्वर के पवित्र आत्मा को शोकित ना करो जिसमें कि तुम छुटकारे के दिन तक के लिए मोहर बंद किए गए हो।" तब परमेश्वर ने कलीसिया को पहले से ठहराया है, उसने कहा, "और सारे लोग, लाखों गुना लाख लोग होंगे जो कि धार्मिकता में चलेंगे और धोखा खाएंगे।" केवल वे जो धोखा नहीं खाएंगे वे वह होंगे जो वहां पर प्रतिज्ञा के देश में आएंगे, वे जिनके नाम पृथ्वी के रचने से पहले मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखे गए हैं, और यहां प्रतिज्ञा के देश में आए हैं, और इसका आनंद ले रहे हैं।

111 बहुत से लोग डरते हैं कि आप विचित्र सा करने जा रहे हैं। बहुत से लोग डरते हैं कि पवित्र आत्मा आपसे कुछ करवाएगा कि आप—आप लोगों के सामने लज्जित हो। बहुत से लोग डरते हैं वे चिल्लाएंगे, और उनकी प्रियसी उन्हें रोते हुए देखेगी, या मां, या आपके पड़ोसी, या आपका स्वामी आपको देखेगा।

112 बंद करने के पहले मैं आपको एक व्यक्ति के विषय में बताऊं। एक व्यक्ति एक नाम दाऊद था, और जब परमेश्वर का सन्दूक वहां फिलिस्तीन देश में थे, और उस ओर आया था, और यह पुरानी गाड़ी पर, बूढ़े बैल उसे खींचते हुए ला रहे थे, जब दाऊद ने उस सन्दूक को आते देखा और उसने एक छोटा लबादा पहन रखा था, वह वहां भागा उसने अपने पैर हवा में उछाले और चारों, और वहां कूदा, और चिल्लाया और कूदा और नाचा, और कूदा और नाचा। और वह, इस्राएल का राजा! और उसकी पत्नी ने बाहर खिड़की से देखा और उसे बहुत ही विचित्र व्यवहार करते देखा, उसने उसका तिरस्कार किया। क्यों, उसे कहना चाहिए था, "मूर्ख! बाहर उसे देखो, जिस प्रकार वह विचित्र कार्य कर रहा है, अपने पैरों को हवा में उछाल रहा है, और इधर-उधर कूद रहा है और इस प्रकार व्यवहार कर रहा है। क्यों, वह पागल होगा!" और उस रात्रि जब वह भीतर आया उसने कहा, इस प्रकार के शब्दों में, "क्यों, तू ने मुझे लज्जित किया। क्यों, तू राजा, मेरा पति, बाहर ऐसे कर रहा था, इस प्रकार व्यवहार कर रहा था!"

113 दाऊद ने कहा, "कल मैं इससे भी अच्छा करूंगा। जी हां, श्रीमान!" उसने कहा, "क्या तू नहीं जानती कि मैं प्रभु के लिए नाच रहा था? " वह

पार कर गया! वह प्रतिज्ञा के देश में था। वह अपनी शैली खो चुका था और संसार की गंदगी। वह यह जानकर इतना आनंदित था कि सन्दूक उसके अपने नगर में आ रहा था।

114 और, ओह, मैं आपको बताता हूं, बहुत से लोग पवित्र आत्मा को पाने से डरते है, डरते हैं कि वे अन्य भाषा में बोल सकते हैं। वे डरते हैं कि कोई कहेगा, "अब, यह भाषा बोलने वालों में से एक है।" वे कलीसिया में आने से डरते हैं और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लेने से, क्योंकि वे इस बात से शर्माते हैं। हुंह! ओह!

115 किसी ने कहा मुझे अपने टेपों को वापस लेना पड़ेगा, क्योंकि मैंने यीशु मसीह के नाम के बपतिस्मे का प्रचार किया है। मैं उन्हें वापस लेने जा रहा हूं। मैं और बना रहा हूं! यह ठीक बात है, कि, और बना रहा हूं! यह बाईबल है। यदि वे इसे पसंद नहीं करते कि हमने कल क्या किया, ध्यान दें आने वाले कल में हम क्या करने जा रहे हैं! देखिए करने के लिए यही चीज है, बस बढ़ते रहिए। इसका कोई अंत नहीं है, क्योंकि यह प्रभु का है। यह परमेश्वर है।

116 हम जानते हैं परमेश्वर ने क्या किया? परमेश्वर ने स्वर्ग से नीचे देखा, उसने कहा, "दाऊद तू वह मनुष्य है जो मुझे ह्रदय से अच्छा लगता है।" दाऊद लज्जित नहीं हुआ। वह प्रभु का दास था। उसने प्रभु से प्रेम किया। और वह इतना प्रसन्न था, इतना आनन्द से उतवला हो गया कि उसने मानव सम्मान के लिए भी नहीं सोचा।

117 आप देखिए, जैसा कि मैंने अपने उपदेश में आज प्रातः कहा, हम इतने डरे हुए हैं कि, हम चाहते हैं कि एक शाऊल हमें सिखाए, हम अपने धर्म विद्यालय से एक शाऊल चाहते हैं कि हमें बताएं कि कैसे हमें अपने धर्म का निर्वाह करना चाहिए, और हमें यह कैसे करना चाहिए। यह यर्दन के उस पार है। इस ओर पवित्र आत्मा अगुवाही करता है। यहां आप उस गन्दगी से बाहर है। यहां आप चिंता नहीं करते कि वे क्या सोचते हैं हुए हैं। यहां आप मरे हुए हैं, और आपका जीवन मसीह में छिपा हुआ है... और पवित्र आत्मा के द्वारा मोहर बन्द है। आप चिन्ता नही करते। आप कनान में रह रहे है। आप अच्छा बीज उगा सकते हैं। आप मसीह यीशु में नई सृष्टि है। आप प्रतिज्ञा के देश से बंधे हुए हैं।

118 भाई कोलिन्स, मुझे स्मरण है कि उधर खड़े हुए, लगभग तीस वर्ष पहले, जब यह आराधनालय बना नहीं था। यह एक छोटा तंबू था यहां कोने में सभा चल रही थी, मेरी पहली सभा। मैं यही सुसमाचार प्रचार कर रहा था, यही चीज मसीह का ना मिल सकने वाला खजाना: यीशु मसीह के नाम में पानी का बपतिस्मा, प्रत्येक वचन का, सत्य होने का विश्वास करना, पवित्र आत्मा का बपतिस्मा, दिव्य चंगाई, परमेश्वर की सामर्थे, जैसा कि मैं अब प्रचार करता हूं इसमें के एक इंच भी कभी इधर–उधर नहीं हुआ। परमेश्वर ने इसमें मुझ पर बहुत प्रगट किया, इसलिए, जैसा उसने इसे प्रकट किया, मैं बस इसे लाता रहा जो कुछ भी। उसने प्रकट किया उसमें से कभी कम नहीं किया, वह बस इसमें और बढ़ता रहा।

119 मैं वहां पर खड़ा हुआ था जब लगभग पांच सौ लोग वहां किनारे पर खड़े हुए, गाना गा रहे थे, “मैं वहां पर खड़ा था यर्दन के तूफान भरे किनारे पर खड़ा, और कनान के सुंदर और आनंद भरे देश पर, अपनी चाह भरी दृष्टि डाली जहां मेरा अधिकार था। मैं कब स्वस्थ भरे किनारे पर पहूँचुंगा और सदा के लिए आशीषित हो जाऊंगा, कब पहुंचकर अपने पिता में होऊंगा... और सदा का विश्राम? ” वे कब यह गाना गाना आरंभ करेंगे, कि मैं एक लड़के को लेकर नदी में यीशु मसीह के नाम का बपतिस्मा देने जा रहा था। मैंने कहा, “स्वर्गीय पिता, जैसा कि मैं इस लड़के को इसके स्वीकार लेने का आधार पर आपके पास लाता हूं... ” मैं स्वयं भी, एक लड़का ही था, इसके चित्र घर पर है। मैंने कहा, “प्रभु, जब मैं इसे पानी के बपतिस्मा देता हूं, प्रभु यीशु मसीह परमेश्वर के पुत्र के नाम के स्वीकार करने के आधार पर, आप इसे पवित्र आत्मा से भरेंगे।” और उसी समय के लगभग एक चक्रवात निकला, और यह चक्कर मारता हुआ, नीचे उतरा, वह चमकदार और भोर का तारा वहां खड़ा हुआ। वहां वह ज्योति खड़ी हुई जिसे आप ठीक उस चित्र में देखते हैं। वहां वह खड़ी हुई।

120 यह समस्त संसार में गई, कनाडा में और आसपास। उन्होंने कहा, “स्थानीय बैपटिस्ट पर एक रहस्यमयी ज्योति प्रकट हुई जब वह बपतिस्मा दे रहा था।”

121 कुछ दिनों पहले, जब डॉक्टर लम्सा मेरे पास आए, और इस विषय में कुछ भी नहीं जानते थे, और एक चित्र को मेरे पास लाए, जो कि अभी भाई के पास है। क्या आपके पास वह चित्र है? क्या आपके पास बाईबल

है, वहां रखी है, यह आपकी पुस्तक में है? ठीक है। परमेश्वर के पुरानो प्राचीन हिब्रू चिन्ह का चित्र वहां था, ठीक वैसा ही जो कि अय्यूब के दिनों में था, इसके पहले कि बाईबल लिखी गई। परमेश्वर अपने तीन गुणों में तीन ईश्वर नहीं। एक परमेश्वर तीन गुणों में: पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा के वे तीन कार्य स्थल जिनमें परमेश्वर ने कार्य किया। तीन ईश्वर नहीं, तीन गुण! और यह पर था। जब वह महान पुरुष डॉक्टर लम्सा, लम्सा बाईबल का अनुवाद, जब उसने उस प्रातः कहा... जब मैंने उसे यह बताया कि, मैंने कहा—मैंने कहा, "वह चिन्ह क्या है? "

122 उसने कहा, "यह इब्रानी में परमेश्वर का प्राचीन चिन्ह है। परमेश्वर, एक परमेश्वर तीन गुणों में।"

मैंने कहा, "जैसे कि पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा? "

123 वह रुक गए, और उसने अपना काफी का कप नीचे रखा, और मेरी ओर देखा। जीन, मैं विश्वास करता हूं कि तुम वहां पर थे, लिओ। कहा, "क्या आप इसका विश्वास करते हैं? "

मैंने कहा, "अपने संपूर्ण हृदय के साथ।"

124 उसने कहा, "पिछली रात्रि आपकी सभा में खड़े हुए, भाई ब्रंहम, मैंने विचारों को जांचना परखना देखा। मैंने अमरीका में पहले कभी नहीं देखा, मेरे देश में।" उसने कहा, "यह अमरीकन लोग बाईबल भी नहीं जानते। वे केवल अपना नामधारी जानते है। वे यह भी नहीं जानते कि कहां पर खड़े हुए हैं।" कहा, "वे कुछ नहीं जानते।" उसने कहा, "परंतु जब मैं वहां खड़ा था पिछली रात्रि," कहा, "मैंने कहा... " अब, भाई जीन, मैं यह श्रद्धा के साथ कहता हूं और प्रेम और ऐसा। उसने कहा, "मैंने कहा, 'यह तो एक भविष्यवक्ता होना चाहिए।' परंतु जब मैं देखता हूं कि आप विश्वास करते हैं, कि पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा, तीन ईश्वर नहीं थे, यह गुण थे, तब मैं जानता हूं कि आप परमेश्वर के एक भविष्यवक्ता है, या तो फिर आप पर इस प्रकार प्रकाशित नहीं होता।" उसने कहा "यह सिद्ध चिन्ह है।" कहा, "मैंने कभी भी... " कहा, "आप वननैस नहीं है? "

125 मैंने कहा, "नहीं, श्रीमान। मैं वननैस नहीं हूं। मैं परमेश्वर में सर्वशक्तिमान होने का विश्वास करता हूं, और तीन गुण उसके तीन कार्यस्थल है कि परमेश्वर उनमें रहा।"

126 उसने कहा, “आपका ह्दय आशीषित हो!” उसने कहा, “किसी दिन आप इसके लिए लहू को पृथ्वी पर उडेलेंगे, परंतु,” कहा, “भविष्यवक्ता सदा उन ही के कारण मरते हैं।”

127 और मैंने कहा, “ऐसा ही हो, यदि मेरे प्रभु को यह प्रसन्न करता है।” लमसा बाईबल का अनुवाद।

128 ओह, यह इतना सत्य है। कितनी बार जैसा, कि मैंने कलीसिया से, कहा जैसे शमुएल ने कहा, इसके पहले कि वे शाऊल को चुनते, “इसके पहले आप बाहर जाकर अब किसी नामधारी को चुनते हैं, और स्वयं को किसी प्रकार के धर्म में बांध लेते हो, क्यों नहीं आप पवित्र आत्मा को अपनी अगुवाही करने देते हैं?” क्यों नहीं आप परमेश्वर को अपने मार्गदर्शन के लिए लेते हैं और उसे ही आपको आशीषित करने दें, और अपने नामधारी को भूल जाए? अब, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि आप किसी नामधारी कलीसिया से संबंधित ना रहे, आप जिसके साथ चाहे रहे। यह आप पर निर्भर करता है। परंतु मैं एक व्यक्ति के समान बता रहा हूं, आप पवित्र आत्मा को अपना मार्गदर्शन करने दें। आप बाईबल पढे। और बाईबल जो करने को कहें, वह आप करें। परमेश्वर आपको आशीष दे।

129 अब मैंने आपको अधिक समय रोका है। मुझे अचरज होगा यदि यहां कोई प्रार्थना पंक्ति में प्रार्थना करवाने के लिए आना चाहता है। यदि वे है, तो वे अपने हाथ उठा दे। केवल एक, दो, तीन। ठीक है। आप सब यहां आ जाए और यदि आप चाहें तो, इस समय पर, यहां खड़े हो जाएं, और—और हम प्रार्थना करेंगे। और तब हम... मैं आपको अभी छोड़ना नहीं चाहता। इसके पहले कि हम—हम बंद करें मैं अधिकारिक रूप में यहां कुछ करना चाहता हूं।

130 कितने गलतियों की पुस्तक के अध्ययन को पसंद करते हैं... ओह, मेरा अर्थ इफिसियों? अब, बुधवार रात्रि को, हम मोहर में जाएंगे। और तब अगले रविवार, हम उपयुक्त स्थान में कलीसिया को रखने में जाएंगे। ओह, यदि... सम्भवत: है हम आने वाले बुधवार रात्रि को उस पर जाएंगे, आप लोग जो यहां जैफ में है। कलीसिया को यथा स्थान जहां से वे है वहां पर रखना, प्रत्येक को। हम कैसे लेपालकपन के द्वारा बुलाए गए। परमेश्वर ने हमें लेपालक पुत्र बनाया है, हम जन्म से पुत्र है। गोद लिए गए और पवित्र आत्मा के द्वारा यथा स्थान पर रखे गए। देखिए! वे सारे के सारे इब्रानी थे,

जब उन्होंने नदी को पार किया, परंतु यहोशू ने भूमि को विभाजित किया और प्रत्येक को उसकी भूमि उनके जन्म के समय में जो उसकी मां के मुंह से निकला उसके अनुसार दे दिया, जहां पवित्र आत्मा ने उसे बताया।

131 याकूब को देखिए जब वह मर रहा था, एक अंधा किया गया, भविष्यवक्ता, अपने पैरो को पलंग पर समेटा, कहा, "तुम याकूब के पुत्रों यहां आओ और मैं तुम्हें बताऊंगा कि तुम अंतिम दिनों में कहां पर होंगे।" महिमा हो! ओह, मैं जानता हूं मैं परदेसी लग सकता हूं। लोग परदेसी से हो सकते हैं। परंतु, ओह, यदि आप जानते वह—वह आश्वासन, जो—जो हृदय में जल रहा है! "यहां आओ और मैं तुम्हें बताऊंगा कि अंत के दिनों में तुम कहां होंगे।" और मैं वही वचन ले सकता हूं, और नक्शा लेकर जहां आज यहूदी बसे हुए हैं और आपको सिद्ध करके दिखा सकता हूं वे ठीक वहीं पर है जहां याकूब ने कहा था कि वे अंत के दिनो में होंगे। और उन्होंने कभी नहीं किया, वे उस स्थान पर जब तक वापस नहीं आए थे मई सात, 1946 से लेकर, जिस रात्रि प्रभु का दूत मुझ पर प्रकट हुआ और मुझे इस उद्देश्य को बताया। और मैं आपको यह दिखा सकता हूं कि जब वे नए देश में वापस आए, वे ठीक वही गए जहां याकूब ने कहा था की वे वहां बसेगे। और आज वे वहां पर बसे हुए है। ओह, ओह, प्रभु, ओह, प्रभु! हम अपने घर के एक दिन और पास आ गए हैं।

132 तुम प्रिय लोगों, आप बीमार हैं, या आप वहां केवल खड़े होने के लिए खड़े नहीं होते। मैं आपका भाई हूं। मेरे पास परमेश्वर की ओर से बीमारों के लिए प्रार्थना करने का प्राधिकार है। ना की जैसी मेरी... जैसे की चंगा करने की सामर्थ, मेरे पास नहीं है। परंतु मेरे पास प्रार्थना करने की सामर्थ है। जैसा की इस प्रातः मैंने कहा कि, दाऊद में कुछ नहीं था परंतु एक छोटी सी गोफन, परंतु उसने कहा, "मैं जानता हूं कि परमेश्वर की सामर्थ के साथ यह क्या करेंगी।" समझे? आपके लिए मेरे पास छोटी सी प्रार्थना है कि उसे चढ़ाऊं और मेरे हाथ आपके ऊपर रखने के लिए, परंतु मैं जानता हूं परमेश्वर में विश्वास क्या करेगा। यह दूसरों के लिए कर दिया गया है, यह आपके लिए करेगा। आप विश्वास करते हैं, जैसा कि आपने अपने कदमों को ऊपर रखा है, उस स्थान के और समीप।

133 अब, मुझे अचरज है, कि इसे इतना योग्य बनाऊं, यदि मैं भाई से यहां आने के लिए कहूं और उन्हें तेल से अभिषेक करें। भाई नेविल, क्या

आप यह करेंगे? मैं कलीसिया से कहूंगा यदि आप लोग अपने सिर प्रार्थना में झुकाए।

134 अब स्मरण रखें, पिछले सप्ताह जब मैं उसी पुराने अरंड के तेल से इतना बीमार था, मैं तब कुछ भी देता यदि कोई पास आकर और मेरे सिर पर हाथों को रखता। यदि कोई मेरे पास आ सकता होता, कि परमेश्वर ने आशीष और सहायता की होती, मैं इसकी बहुत सराहना करता। अब आप सब ऐसा ही अनुभव करते हैं। जैसे मैंने तब किया था अब आप अनुभव करते हैं आप मुझसे वैसा ही चाहते हैं जैसे मैंने तब चाहा था कि कोई मेरे लिए करें। परमेश्वर ना करें कि मैं कभी–कभी कार्य से जी चुराऊं। मुझे सदा करने दे, चाहे मैं थका हुआ हूं, चाहे मैं श्रमित हूं, चाहे मैं कठिनता एक से दूसरा पैर चला सकूं, मुझे जाने दे, क्योंकि मैं आप में से प्रत्येक से फिर से, वहां उस देश में मिलने वाला हूं।

135 तब तक आप बूढी महिलाएं, और बूढ़े लोग, थके हुए, सफेद बाल और गिरते हुए, और गुलाब की खिली कली के खेलने के बाद जब पखुडियां गिर रही होती है, उसके सामान टूटे हुए थे, आप बस टूटने जा रहे हैं, क्या नहीं? यह ठीक बात है। बस... केवल एक बात के लिए साथ रहना चाहते हैं कि परमेश्वर की महिमा के लिए चमके। इसलिए जब शत्रु ने आपको पकड़ा और भाग गया, मैं परमेश्वर की गोफन के साथ आ रहा हूं, विश्वास के साथ, उस वरदान के साथ जो परमेश्वर ने मुझे दिया है। यहां जो मैंने कहा, ताकि आप इसे समझ जाएंगे। मैंने कहा, "यदि पतरस अंदर आ जाए, या उनमें से।" कुछ यह ना कहे। आपको मेरे लिए प्रार्थना नहीं करनी है। केवल इस प्रकार अंदर से आए, और कहे, जैसे ये महिला कहती है, "क्या आप *अमूक–अमूक* है? " आपका नाम क्या है? बहन हावर्ड। कहती है, "आप बहन हावर्ड है। बहन हावर्ड, आप विश्वासी है? क्या विश्वास करती है। क्या आप विश्वासी है। तब, फिर आप देखिए सारे छुटकारे की आशीष की आपके पास अधिकार है।" तब बहन मैं कहूंगा, "बहन हावर्ड, सब कुछ ठीक हो जाएगा," और चली जाए। ओह, कैसे... मैंने कहा, "मैं चिल्लाऊंगा, मैं सीखुंगा," मैं कहूंगा, "प्रभु, यह तो होना ही था। यह तो होना ही था।"

136 और मैंने सोचा, "कि भाई लोग सोचते हैं वही बात जब मैं उनके लिए प्रार्थना करने के लिए आता हूं।" इसलिए यही है। आप देखिए मेरा क्या

अर्थ है?

137 और बहुत ही बार में खड़ा हुआ, और लोगों को लेकर, और कहा, "ओह, बहुमूल्य बहन, क्या आप इसका विश्वास करेंगी? ओह, आप इसका विश्वास करेंगे?" "प्रभु, ओह! परमेश्वर इनसे इसका विश्वास करवा दे। ये इसका विश्वास कर ले।" "ओह, कृपया, क्या आप अब इसका विश्वास करेंगे?" यह वह नहीं है। मैं वहां से निकल गया। मैं उसके पास से निकल गया।

मैं केवल इतना कहता हूं, "बहन हावर्ड, आप एक विश्वासी?

"हां, मैं हूं।"

138 "ठीक है, बहन हावर्ड, यदि आप विश्वासी है, तो आप जो परमेश्वर के पास है उस सबकी वारिस है।" और उसका हाथ लेता हूं। देखिए, मैं इसका विश्वास करता हूं। मैं बहन हावर्ड पर अपना हाथ रखने के द्वारा बहन से संपर्क बनाता हूं। यीशु ने कभी नहीं कहा "उनके लिए प्रार्थना करो," उसने कहा, "केवल उन पर हाथ रखो।" यही है, तब वह चंगी हो जाती है। वह कह सकती है, "सब बातें ठीक हो जाएगी," बहन हावर्ड। तब आप घर जा सकती है और स्वस्थ रहे। परमेश्वर आपको आशीष दे।

139 आप बहन... [बहन "हेम्पटन।"—सम्पा।] आप विश्वासी है, क्या आप नहीं है? ["मैं हूं।"] आप उन सब चीजों के वारिस है जो उसके पास है। परमेश्वर आपके साथ हो, बहन हेम्पटन। आप घर जाए और अब चंगी रहे। यीशु मसीह ने आपको चंगा कर दिया।

140 आप बहन... [एक भाई कहता है, "स्लॉटर।"—सम्पा।] स्लॉटर। यही है... आप वही हैं जिसके लिए हमने अस्पताल में प्रार्थना की थी। आप एक विश्वासी हैं, फिर, बहन स्लॉटर, हम जो कुछ भी माँगते हैं, उसके उत्तराधिकारी हैं। बहन स्लॉटर, होने पाए आप वह प्राप्त करे जो आपने मांगा है, और स्वस्थ रहें। परमेश्वर आपको यह प्रदान करेगा।

141 भाई जीन, आप विश्वास करते हैं कि परमेश्वर आपको देगा? [भाई जीन कहते हैं, "जी हां, श्रीमान। जी हा, श्रीमान।"—सम्पा।] और होने पाए प्रभु परमेश्वर आपको दे, जीन, ठीक वही जो आप मांगते हैं!... ? ...

142 मैं आपको जानता हूं। [बहन बोलती है—सम्पा।] आप एक विश्वासी हैं, बहन। मैं आपको जानता हूं। यह वहां आपका पति है। उसी के लिए मैंने

उस दिन फोन पर प्रार्थना की थी। मुझे वह हमेशा याद रहता है। तुलसा में सभाओ में नहीं जा सका। सभा में आया। और प्रभु ने उसे चंगा किया, और सभा में भेजा। प्रतिनिधि के रूप में आप किसी और के लिए खडी हुई हैं। ["मेरा भतीजा है।"] यह क्या ही मसीही बात है, बहन! देखा? वो भी प्रतिनिधि के रूप में खड़ा था, वो हम सभी के लिए खडा था। आप एक विश्वासी हैं और हर उस चीज़ पर अधिकार रखते हैं जिसकी परमेश्वर ने प्रतिज्ञा की है। मैं उसका सेवक हूँ। और यीशु मसीह के नाम से, मैं तुम्हें वह देता हूं जो तुम मांगते हो।

143 आओ भाई नील। परमेश्वर आपको आशीष दे। आपके साथ बहुत अच्छा रहा। आप विश्वासी हैं। मैं आपको जानता हुँ। मुझे विश्वास है कि परमेश्वर आपको वह सब कुछ देगा जो आप माँगते हैं, क्योंकि आप एक विश्वासी हैं। और उसके सेवक के रूप में, मेरे भाई, यीशु मसीह के नाम में, मैं तुम्हें तुम्हारे हृदय की इच्छा को देता हूं। जाकर और इसे ग्रहण करो। परमेश्वर आपको आशीष दे।

144 बहन ब्रूस, मैं आपको जानता हूं। छोटी नर्स मेरी पीठ सहलाती थी आपको जानती थी। वह नीचे मोटल जेजे, क्विन जे से है, या ऐसा ही कुछ तो है। आप दूसरों के लिए खड़े रहेंगे। और आज रात तुम्हारी अपने पिता से क्या इच्छा है? [बहन ब्रूस कहती हैं, "मेरे लिए, आज रात।"—सम्पा।] अपने आप के लिए, आज रात। [बहन ब्रूस फिर से बोलती है।] फिर, शत्रु ने आपको झटका दिया है जो डॉक्टर की पहुंच से परे हो, लेकिन मैं आपके पीछे एक गुलेल को लेकर आ रहा हूं। और यीशु मसीह के नाम में, मैं गोफन के तीर को उस पत्थर पर निशाना साधता हूं जो अवरुद्ध स्थिति में किडनी के अंदर है। यह आपको परमेश्वर के पास, उसके घर की ओर वापस लाएगा।

हमने आपसे यीशु मसीह के नाम के द्वारा मांगा है। आमीन।

145 क्या आप इस व्यक्ति के पिता हैं, महोदय? क्या आप एक विश्वासी हैं? [भाई बोलता है—सम्पा।] आपको एक तरफ हर्निया है; नीचे, और आपकी बाईं ओर। क्या आप विश्वास करते हैं कि परमेश्वर आपको दे देगा, श्रीमान, और उसके सेवक के रूप में?

146 प्रभु, इस हाथ ने हो सकता है दिन भर का बहुत कठिन काम किया हो। यहाँ एक उद्देश्य के लिए आया है, कुछ तो करने के लिए। इसे दे दीजिये,

उसके ह्रदय की इच्छा को, पिता, जैसा कि मैं यीशु के नाम में प्रार्थना करता हूं कि आप करेंगे। आमीन।

147 संदेह ना करे। वह हर्निया आपको वहाँ तकलीफ पहुँचाने से रुक जायेगा, और आप बिलकुल चंगे हो जाएंगे। परमेश्वर आपको आशीष दे... ? ...

148 [एक बहन कहती है, "मेरे सिर और मेरे गले में दर्द होता है, खांसने पर मेरी पसलियों में दर्द होता है। मैं गा नहीं सकती। मैं कुछ नहीं कर सकती। मैं... ? ... और मैं ज्यादा सो नहीं सकती। यहाँ तक कुछ कर भी नहीं सकती।"—सम्पा।] आप एक विश्वासी हैं, क्या नहीं है? ["मैं हूँ। मैं पवित्र आत्मा से भरी हुई हूँ।"] आप एक विश्वासी हैं। ["मैं जानती हूं कि परमेश्वर भीतर वास करता हैं।"] और आप—आप इन सभी आशीषों की एक उत्तराधिकारी हैं। ["मुझे पता है। और मुझे विश्वास है। मैं आपकी प्रार्थनाओं में विश्वास करती हूं, भाई ब्रंहम। मुझे विश्वास है कि परमेश्वर मुझे चंगा करेगा। मुझे विश्वास है कि वो आपकी प्रार्थनाओं का उत्तर देता है।"] धन्यवाद।

149 पिता, मैं इस, मेरी बहन को, आग की पंक्ति में, लक्ष्य के केंद्र में लाता हूँ। और मैं उसे शत्रु के चंगुल से आपके पास वापस लाता हूं, यीशु मसीह के नाम में। आमीन।

150 बस ये इसी तरीके से होगा।

151 [एक बहन कहती है, "... ? ... मेरा एक फेफड़ा काम करना बंद कर रहा था, और एक ख़त्म हो गया था।"—सम्पा।] फेफड़े का ऑपरेशन।

152 हे प्रभु, जैसे यह युवा महिला यहां खड़ी है, अब भी युवावस्था के फलने-फूलने में है, मैं उसके लिए प्रार्थना करता हूं। और एक फेफड़ा जिसे बाहर निकालना होगा, और उसके बाकी के जीवन भर वो झुकी रहेगी। आप हमारे पिता हैं, और मैं प्रार्थना की आग को सीधे उस पर लक्षित करता हूं, प्रभु, सीधे उस फेफडे पर। मैं इस प्रार्थना को यीशु मसीह के नाम में भेजता हूं। होने पाए कि यह उस फेफड़े पर चले जाये और उसे चंगा कर दे। यीशु मसीह के नाम में, मैं यह मांगता हूं। आमीन।

153 तुम हो बहन... [बहन कहती है, "बहन गिब्स।"—सम्पा।] बहन गिब्स। ["मेरे सिर के पीछे, मेरे यहाँ पीछे खींचने वाला दर्द कर रहा हूँ।"]

आपके सिर के पीछे, एक खींचने वाला दर्द हो रहा है। आप एक विश्वासी हैं और परमेश्वर के सभी आशीषो की उत्तराधिकारी हैं, बहन गिब्स।

154 प्रभु, मैं उसे आपके पास लाता हूं, इस छोटे से गोफन के द्वारा जिसे आपने मुझे दिया हैं, जैसे आपने दाऊद को उसके पिता की भेड़ों की रखवाली के लिये गोफन दिया। और यदि शत्रु भेड़ों के पीछे-पीछे आ जाए, तो वह नहीं डरता था। उसने उस छोटी गोफन को पकड़ लिया और शेरों और—और भालूओ के पीछे चला गया, और वो भेड़ों को वापस ले आया। यह विश्वास की प्रार्थना है। आपने मुझे बताया कि यदि मैं "लोगों को विश्वास दिलाता हूं और ईमानदार बनें रहने को लगाता हूँ।" मैं आज रात बहन गर्ट को वापस लाता हूँ। मैं उसे शत्रु के हाथ से छीन लेता हूं। वह आपकी भेड़ है। मैं उसे यीशु मसीह के नाम में, पिता के पास वापस लाता हूँ। आमीन।

155 [एक बहन कहती है, "बहन लोव।"—सम्पा।] बहन लोव। ["मुझे रक्तचाप है।"] उच्च रक्तचाप। और आप एक विश्वासी हैं, क्या आप बहन लोव हैं? सभी आशीषो की उत्तराधिकारी।

156 फिर, पिता परमेश्वर, मैं आज रात इस प्रार्थना को लक्षित करता हूं, जैसे कि परमेश्वर की गोफन से, बहन लोव के उच्च रक्तचाप की ओर। और हो सकता है कि अगली बार जब चिकित्सक रक्तचाप को ले, तो वह उसे देखे और कहे, "यह अब सामान्य है।" वो जान जाएगी कि इसने क्या किया। यीशु मसीह के नाम में, मैं यह उसे देता हूं। आमीन।

157 [एक भाई भाई ब्रंहम से बात करता है—आमीन।] हाँ। मैं चाहता था मेरे पिता आज रात यहां होते, मैं ठीक अभी उनके लिए प्रार्थना कर पाता। मैं आपके लिए भी करूंगा। मैं समझता हूँ।

158 स्वर्गीय पिता, वह व्यक्ति जिसने इस लड़के को जन्म दिया, कि वह आज रात यहाँ धरती पर उसकी वजह से ही है। और उसका अपना पुत्र चाहता है, कि उसका पिता लौटाया जाए; पाप और शराब की दुनिया में बाहर लाया जाए। हे प्रभु, मैं इस प्रार्थना को विश्वास और सामर्थ के साथ भेजता हूं, और जितना मैं जोर से इसे उछाल सकता हूं, इस छोटे से कंकड़ को, प्रभु यीशु के नाम में। मैं इसे उस शैतान पर घुमाकर फेंकता हूं जिसने उस चीज़ को उस ओर पकड़ रखा है। और होने पाए इसे छोड़ दें। और होने पाए वह सुरक्षित रूप से घेरे में आ जाए, यीशु के नाम में। आमीन।

159 [एक भाई कहता है, "भाई ब्रंहम, मेरे लिए पवित्र आत्मा पाने के लिए प्रार्थना करें। मैं पवित्र आत्मा को पाना चाहता हूं। मेरे पास होना है। मेरी एक इच्छा है। मुझे पवित्र आत्मा को पाना है।"] आपको इसे ग्रहण करने की इच्छा है। आप उस देश में आना चाहते हैं जहां पर सारी प्रतिज्ञाये हैं। ["जी हाँ।"]

160 और अब, प्रभु, यह लड़का नदी के उस पार है, और उस पार पड़ाव डाले हुए है, और यरदन उफान पर है। और उसके लिए पार करने का कोई मार्ग नहीं है जब तक आप मार्ग ना बनाये जैसे आपने यहोशू और इस्राएल के लिये किया था। और, पिता, मैं आपसे, आपके सेवक के रूप में मांगता हूं, हमारे बहुमूल्य भाई के लिए, हे परमेश्वर, उसे इस प्रतिज्ञा किये हुए देश के अंदर प्रवेश करने दे, इस प्रतिज्ञा में। कि, दूसरी तरफ, जैसा कि मुझे उस रात को ले जाया गया था, होने पाए मुझे उसे पकड़ने और उसके चारों ओर अपनी बाहें डालने का सौभाग्य मिल सके, उस दूसरे देश में, यह कहते हुए, "मेरे बहुमूल्य भाई।" इसे प्रदान करे, प्रभु। होने पाए वह परमेश्वर की प्रतिज्ञा, उस पवित्र आत्मा को प्राप्त करे। आमीन।

161 हे प्रभु, इस पर, मेरे अनुग्रहकारी भाई पर; यह हाथ जो मुझ पर दयालु रहा है, और इसने मेरे लिए इन कामों को किया है जो अनकहा है। वह विश्वास करता है और उसके पास भरोसा है। और अब एक शत्रु इसे पकड़ने की कोशिश करता है, मेरे मित्र: शुगर। और वह सोचता है कि वह—वह इस लड़के को पकड़ सकता है। लेकिन मैं उसके पीछे आता हूं। मैं आ रहा हूँ, आपके अपनों को वापस लाने के लिए, प्रभु, इस पत्थर को एक निशाना साधे हुए विश्वास के साथ गोफन को घुमाते हुए। यीशु मसीह के नाम से मैं उस शुगर मधुमेह पर प्रहार करता हूँ!... ?... मेरे भाई। यीशु के नाम में, पिता, अपनी भेड़ों को घेरे में वापस लाता हूं। आमीन।

[बहन बेल भाई ब्रंहम से बात करती है—सम्पा।]

162 हे प्रभु, हमारी बहन जानती है कि यह अधिक वजन है, इसलिए डॉक्टर कहते हैं, यही वह चीज है जो आपको मार डालती है। "प्रत्येक पाउंड, अधिक वजन, एक वर्ष काटा जाता है," बीमा कैलेंडर के अनुसार। और वह परमेश्वर के आदर और स्तुति के लिए जीना चाहती है। और कोई डॉक्टर इसे नहीं कर सकता, पिता परमेश्वर। यह केवल आपके हाथ में—में है। और बहन बेल बहुत विश्वासयोग्य रही हैं। और वह परीक्षाओ में दयालु और

विचारशील रही है, जिससे से होकर गुजरी है। वह कई गहरी परीक्षाओ से गुज़री है। मैं आज रात उसके लिए आता हूँ, प्रभु। मैं उस ओर उस शत्रु का सामना करने को आता हूं। मैं उस पूरी सटीकता के साथ निशाने को साधता हूं जितना मैं निशाने को साध सकता हूं। यीशु मसीह के नाम में मैं विश्वास के उस पत्थर को इस शत्रु पर फेंकता हूँ जिसने उसे पकड़ा है। होने पाए यह उसे तितर–बितर कर दे, और उससे दूर भाग जाए, और वह छायादार हरी चराईयों और शान्त जल में वापस लौटाई जा सके, यीशु मसीह के द्वारा। आमीन।

ऐसा होगा, बहन बेल। बस संदेह ना करे।

163 बहन स्पेंसर। [बहन स्पेन्सर कहती हैं, "भाई, भाई बिल, मैं हर दिन जो मैं जीती हूँ प्रभु से और बेहतर प्रेम करती हूँ। और मैं यहाँ बीस वर्षो से, इस स्थान पर आ रही हूँ। और मैं लगभग हर उस चीज़ से चंगी हो गयी हूँ जो कभी मेरे साथ समस्या रही थी। आपको यह सब याद होगा, और... ? ... "—सम्पा।] मैं निश्चित रूप से करता हूं, बहन... ? ... ["और उसने मुझे बहुत आशीषित किया है! और मैं अपने जीवन के हर दिन उससे बेहतर प्रेम करती हूँ। मुझे पता है कि मेरे पास प्रभु में अद्भुत जीवन है।"] मैं यह विश्वास करता हूं, बहन स्पेंसर। ["मैं खुश हूं। मैं खुश हूं! यदि यह मेरे पास पवित्र आत्मा नहीं है, जो मैंने पाया है, तो मैं—मैं उस हर एक चीज के लिए अब भी वेदी पर हूँ, जो उसके पास मेरे लिए है, और मैं वेदी पर ही मर जाऊंगी।"] आमीन। ["यही है जो मैं चाहती हूं कि वह करे और मैं यीशु के साथ वेदी पर मर रही हूं।"] आमीन। परमेश्वर आपको आशीष दे... ? ... आमीन। ["और मैं आपको बताऊंगी कि मैं आपसे क्या करने के लिए चाहता हूं। आप जानते है, नूह अपने पूरे परिवार को अपने साथ ले गया, और मुझे अपना पूरा परिवार चाहिए। आप जानते हैं कि मैं अपने प्रियजनों को बचाना चाहती हूं।"] मैं समझता हूँ। आपके बच्चे। यह सही है। ["... ? ... मेरे बच्चे।"] जी हां, महोदया। ["और मेरे पति को।"] हाँ, महोदय, मैं... ["जैसा कि आप इसके बारे में सब कुछ जानते हैं।"] हाँ। ["आपने हमारे लिए प्रार्थना की।"]

164 हम सभी बहन स्पेंसर से परिचित हैं, और जानते हैं कि कैसे वह और भाई जेस कठिन समय में से होते हुए बने हुए थे, लेकिन जब वे यहां कलीसिया के माध्यम से आये। जब मैं दूसरी तरफ से पार करूंगा, तो वे

इस तरह से लड़खड़ाते हुए नहीं चल रहे होंगे। वे जवान होंगे। ओह! भाई जेस, यदि मैं बस... ? ... आप जानते है। और फिर आप सभी जानते हैं कि कैसे, बस—बस थोडी... ? ... उस ओर, आप फिर से उस प्यारी नौजवान लड़की हो जाती हैं, और भाई जेस वो जवान लड़के हो जाते है। परमेश्वर ने आपसे प्रतिज्ञा की है।

165 अब, देखो। मैं आपको बस जरा सी शिक्षा को देना चाहता हूं, आप जो यहां आखिरी होने के नाते, मैं इसे बताना चाहता हूं।

166 क्योंकि, मैं जानता हूँ कि यह आपका छोटा लड़का है, चार्ली। आप चाहते हैं कि इसके लिए प्रार्थना की जाए? [भाई चार्ली कहते हैं, "हाँ।"—सम्पा।]

167 मैं इस एक बात को कहना चाहता हूं। क्या आपने कभी वचन में पढ़ा है जहाँ बाईबल ने इसे कहा है? पौलुस ने रोमन सेनापति को बताया।

क्या आप मुझे ठीक से सुन सकते हो? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।]

168 रोमन को बताया, जब उसने फिलिप्पी में जेल में रहते हुए, खुद को मारने के लिए अपनी तलवार को निकाला। और भूकंप ने जेल को हिला डाला। उन्होंने कहा, "प्रभु यीशु मसीह पर विश्वास करो, और तुम और तुम्हारा घराना बचाया जाएगा।" क्या आपने कभी ऐसा सुना है? "तुम और तुम्हारा घराना।" अब, देखो। यदि आपके पास अपने आप के उद्धार के लिए पर्याप्त विश्वास है, तो क्या आपके पास अपने घर के लिए भी पर्याप्त विश्वास नहीं हो सकता है? परमेश्वर, किसी भी तरह से, इसे करेगा।

169 और, प्रभु, मैं बहन स्पेंसर और भाई स्पेंसर के लिए आज रात प्रार्थना करता हूं, कि हर एक बालक, वे और उनके बच्चे, सभी उस महिमामय, खुशहाल देश में होंगे जहाँ न कोई बीमारी होगी और न कोई बुढ़ापा होगा, कोई दुःख या निराशा नहीं होगी, और यहाँ का यह छोटा सा जीवन एक दुःस्वप्न में धुंधला हो जाएगा जो बीत चुका है। होने पाए वे इसे प्राप्त करें, और होने पाए उसके सभी बच्चे, और उसका पति, उसके सभी प्रियजन, और वे सब जो उससे प्रेम करते हैं, और वह सब जिससे वह प्रेम करती है, होने पाए वे उसके साथ हों, यीशु के नाम में। आमीन।

170 [बहन स्पेन्सर कहती हैं, "आमीन। धन्यवाद।"—सम्पा।] परमेश्वर आपको आशीष दे। ["मैं बहुत जल्द बयासी वर्ष का हो जाऊंगा।"] बयासी

वर्ष के। ["... ? ... लेकिन वे उस उम्र में हिम्मत हार रहे हैं। लेकिन मैं अभी भी अपना खाना पकाती हूँ, बर्तन धोती हूं और इस्त्री करती हूँ और घर को साफ करने का काम करती हूं।"] बस जैसे दुनिया टूट कर बिखर रही है, बहन स्पेंसर। ["हां, ऐसा है। हर समय, मैं बहुत थकी रहती हूँ। वे समझ गए... मैंने अपनी माँ से, अपनी सौतेली माँ से पूछा था जो नब्बे वर्ष की थी, आपको कैसा महसूस होता है जब आप बूढ़े हो जाते है, काफी समय पहले पूछा था। उसने कहा, 'रोज, हो सकता तुम हर समय थकी रहोगी।' मैं थक गयी हूँ।"] तो ठीक है, आप बस विश्राम पर जाने के लिए तैयार हैं, आप देखो। ["मैं हर समय बहुत थकी रहती हूँ। मुझे विश्राम की ज़रूरत है। मुझे उसकी जरूरत हैं।"] हां महोदया। ["और मैं प्रभु में विश्राम करना चाहती हूं, अपने घुटनों के बल। हर एक, हर एक चीज़ जिसकी मुझे जरुरत है।"] हाँ। बहन स्पेंसर, बस ठीक उस पर अपना विश्वास रखें, और आप उस पार जाएंगी। ["मैं वेदी पर मरना चाहती हूँ, यीशु के नाम में। यही है वह जिसे मैं देखना चाहती हूं, जब तक वह बुला रहा है।"] और उसने कहा... ["मुझे वह सब कुछ चाहिए जो उसके पास मेरे लिए है।"] और बस मुझे उतना ही यकीन है जितना कि आज रात मैं आपके साथ यहां इस तरह खड़ा हूं, बहन स्पेंसर, उसके अनुग्रह के द्वारा मैं आपको और जेस को सीमा के उस पार, युवा और स्वस्थ देखूंगा। आप सब दौड़ोगे, चिल्लाओगे, "मेरे भाई! मेरी बहन!" मैं आपको मिलूँगा।

उसकी नसें।

171 पिता परमेश्वर, इस लड़की की टूटी हुई अवस्था हो गयी थी, और वह दवा की पहुंच से बाहर है। केवल वही है, जो बाधा डालता है। लेकिन मैं आज रात उसके लिए आता हूं। मैं आपके पास आता हूं, पिता। मैं आता हूं, आपसे उस निशाने को साधने के लिए मांगता हूं जो मैं अवश्य ही, आग लगायेगा। होने पाए कि यह बिल्कुल निशाने पर हो, सही दिशा में ठीक उसकी पीठ पर। होने पाए यह प्रार्थना, यीशु मसीह के नाम में, उस घबराहट पर प्रहार करे और उसे टुकड़े-टुकड़े कर दे, परमेश्वर के चरागाह की इस भेड़ को वापस लाये। आमीन।

इसे बस होना ही है, प्रिय।

172 [एक बहन कहती है, "बस प्रार्थना करे। मेरे छह बच्चे हैं जिन्हें मैं परमेश्वर से चंगा करने और बचाने के लिए मांगती हूं।"—सम्पा।]

173 स्वर्ग के परमेश्वर, उसके छह बच्चों के लिए प्रदान करें कि वह चाहती है बचाए जाए। उसने भाई डॉल्टन, उनकी प्यारी बेटियों की उस गवाही सुनी है। वह अपने छह बच्चों की इच्छा की यही रखती है, पिता। होने पाए वे बहन के पास हो। होने पाए वे उससे उस देश में मिलें जहाँ पर रात नहीं होती, अच्छी तरह से सुरक्षित और यीशु मसीह के लहू के द्वारा आश्रय पाए हुए। आमीन।

होने पाए आप उन्हें पा ले, बहन, मेरी प्रार्थना है।

[एक बहन भाई ब्रंहम से बात करती है—सम्पा।]

174 मुझे आप पर विश्वास है। वहां कोई भी, मुश्किल से, इसकी सहायता नहीं कर सकता है। वे उन्हें कुछ ऐसी चीजें देते हैं, ओह, जो देखने में एसिटामिन जैसी होती हैं। यह एक कोर्टिसोन है, वे इसे कहते हैं। वह, जो लगभग आपको मार डालता है। यह आपके लहू को फाड़ ही देता है। लेकिन देखो। देखो, गठिया उस सिंह के समान है, जो भेड़ को पकड़कर और दूर भागने लगता है। अब, एक गोफन क्या करेगा? ओह, प्रभु! वहां मेमने के साथ एक बड़ा, दहाड़ता हुआ सिंह है। और वह मेमने से प्रेम करता है, सो वह मेमने को लेकर भाग गया है। लेकिन दाऊद गोफन को लेकर और उसके पीछे निकल गया। देखा? अब देखो। उसके पास पाँच पत्थर थे: विश्वास एफ–ए–आई–टी–एच, स्वयं, आई–एन। उसका गोफन *इस* हाथ में था: जे–ई–एस–यू–एस। वह एक अचूक निशानेबाज है। कुछ तो होना है। आइए आज रात इस प्रार्थना के द्वारा उस गठिया को दूर करें। होने पाए परमेश्वर आपको इसे दे।

175 [बहन भाई ब्रंहम से बात करती है—सम्पा।] वह नाम में बपतिस्मा लेना चाहती है? ["नहीं, नहीं। उसने ऐसा नहीं कहा।"] आप चाहते हैं कि उसका बपतिस्मा हो। ["उसे बपतिस्मा लेते देखने की मेरी इच्छा है।"] धन्यवाद बहन। इसलिए नहीं कि यही तरीका है। इसकी वजह यह है... अब, यदि वह बाईबल में था, क्योंकि, "पिता, पुत्र और पवित्र आत्मा," मैं—मैं इसे विश्वास करता हूँ, मैं ठीक इसके साथ बना रहूंगा, बहन। मैं—मैं कोई अलग नहीं होना चाहता। मुझे—मुझे वही चाहिए। मैं नहीं होने दूंगा... मैं—मैं उसके लिए जिम्मेदार होऊंगा, आप देखिए। और मुझे इसे उसी तरह से कहना है जैसे *यह* बताता है; ना ही अलग होना है, लेकिन ईमानदार बने रहना है।

176 अब, पिता, हम बहन के प्रियजनों के लिए आते हैं जिसे गठिया हो गया है, और यहाँ वह चाहती है कि उसका प्रभु यीशु के नाम में बपतिस्मा हो, क्योंकि वह प्रवेश द्वार है। वह खुला द्वार है। यहीं पर यहोशू ने एक मार्ग खोला जो प्रतिज्ञा किए गए देश के अंदर उस पार जाता है। वहां कोई दो या तीन स्थान नहीं खुले हुए थे; वहां सिर्फ एक ही था।

177 पतरस, पेंटीकोस्ट के दिन, जब पहली बार कलीसिया का प्रथम परिचय करवाया, एक मार्ग को खोला, कहा, "तुम में से हर एक जन पश्चाताप करे और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा ले।" वे कभी भी उसी मार्ग से अलग नहीं हुए, हर एक ने प्रतिज्ञा किए गए देश में प्रवेश किया।

178 उनमें से कुछ दूसरी ओर उतरना चाहते थे, वहां दूर उस दुसरे तट पर, और पौलुस ने उस से कहा, "तुमने किसका बपतिस्मा लिया था? आप कहां से पार करने की कोशिश कर रहे हैं? "

और उन्होंने कहा, "यहाँ नीचे जहाँ यूहन्ना ने देखा।"

179 उन्होंने कहा, "खैर, यूहन्ना ने केवल समय और स्थान की ओर संकेत किया।" और तब जब उन्होंने यह सुना, तो उन्होंने ठीक उस तट पर बपतिस्मा लिया। और वे उस पार चले गये, और पवित्र आत्मा की दाखलता को पाया।

180 इसे हमारी बहन और उसके प्रियजनों को, यीशु मसीह के नाम में प्रदान करें। आमीन।

181 लायल भाई। [भाई लायल कहते हैं, "मैं विश्वास करता हूं कि आप वास्तव में सही प्रधान हैं, भाई ब्रंहम।"—सम्पा।] ओह, भाई! ["ऊपर चलकर गया... ?... आपको याद है यदि सपने में हो तो कुछ तो आ गया... ?... यदि आप सपने का जिक्र करते हैं, तो यह ठीक है। वही मेरे पास था। जहाँ, आप हमेशा ठीक सपने देखते हैं!... ?... "] जी हाँ। वह थोड़ी देर से है। ["हाँ।"] हाँ। मैं खुश हूं... ?... परमेश्वर आपको आशीष दे। अब आप प्रतिज्ञा किए गए देश के रास्ते पर हैं! हो सकता है मैं इसका उल्लेख करूंगा।

182 मेरी इस सेवकाई की पुष्टि होने से ठीक पहले यह कितने लोग याद हैं, और मैं एक दिन एक व्यक्ति के साथ मछली पकड़ रहा था, वहां नीचे एक नदी के पास, झील के पास? और मैं छोटी मछलियां पकड़ रहा था, और पवित्र आत्मा मुझ पर उतरकर आया। वहाँ एक... यह व्यक्ति एक यहोवा

विटनेस वाला है, जो वहां था। उसका भाई यहीं कहीं है, बैंक्स वुड। वह यहाँ कहीं पर है, जो मेरा पड़ोसी है।

183 यह लायल है। और ये लोग यहोवा विटनेस वाले थे। और उन्होंने कहा, एक दिन जब हम नीचे मछली पकड़ रहे थे, इस लड़के के परिवर्तित होने के बाद, मैंने उससे कहा कि उसके जीवन में कुछ तो था, और किसी—किसी बात ने जगह ली, और इसके बारे में सब कुछ बताया। जो, उसने अभी हाल ही में मुझे बताया, और ऐसा अभी उसके जीवन में हुआ है, यह सही है, ये जो कुछ भी था। यह बिल्कुल सही है। उनके पिता ही वो एक थे जो एक—एक पाठक थे। क्या पिताजी आज रात यहाँ हैं, बिली? [एक भाई कहता है, "पता नहीं।"—सम्पा।] और वो और उसकी पत्नी, दोनों ने, यहाँ तालाब में, यीशु मसीह के नाम में गवाही को देने के लिए बपतिस्मा लिया। और यह व्यक्ति एक दिन मेरे पास बैठा हुआ था।

184 बैंकस, आप कहाँ पर हो? क्या वह आज रात यहाँ है? [एक भाई कहता है, "ठीक वहां पीछे कोने में।"—सम्पा।] पीछे कोने में। जी हाँ।

185 और हम मछली पकड़ रहे थे। और, भाई, मेरे छोटे लड़के ने मार डाला था... मैंने सोचा कि उसने कुछ दिन पहले बिल्ली के बच्चे को मार डाला था। उस छोटी बूढ़ी माँ बिल्ली के छोटे-छोटे बिल्ली के बच्चे थे, और उसने उसे उठाकर और गिरा दिया। मैंने सोचा... मैंने कहा, "प्रभु उस छोटे से जीवन को जिलाकर खड़ा करने जा रहा है," उस दिन के पहले की बात है। क्या यह सही है, लायल? [भाई लायल वुड कहते हैं, "हाँ।"—सम्पा।] एक छोटी खाड़ी में बैठे हुए थे। और मैंने कहा, "यह **यहोवा यों कहता है**।" और हमने सारी रात मछली पकड़ी और कुछ भी न पकड़ पाए।

186 अगली सुबह, हम मछली पकड़ रहे थे, पीछे एक छोटी सी खाड़ी में, कुछ ब्लूगिल मछली के लिए। यह छोटी मछली होती है। और भाई लायल के पास एक बडी मछली पकड़ने की छड थी, और उसने एक छोटे सी ब्लूगिल मछली को चारे को खाने को लगाया, उसके पास बड़ा काँटा था, इतना तक, जब उसने इसे बाहर खींचा, वह छोटी-सी फ़साने वाली तार पूरी तरह से नीचे थी, वो बड़ा काँटा, उस छोटे ब्लूगिल मछली के पेट में था। और जब उसने इसे बाहर खींचा, तो उसे इसे पकडने के लिए बस अंतड़ियों और बाकी सारी चीजों को छोटी ब्लूगिल से बाहर निकालना था। और बस इसेपूरी तरह बाहर खींच लिया, क्योंकि बड़ा काँटा मछली के

पेट में फंस गया था। और जब उसने खींचा, तो उसने उसे पानी पर फेंक दिया। और वह बस चार या पांच बार फडफडा उठी, और ऐसा ही था, क्योंकि उसकी अंतड़ियां और गलफड़े उसके मुंह से बाहर लटक रहे थे। और वह लगभग आधे घंटे तक यहाँ–वहां बहती रही, वापस ऊपर झाड़ियों में बहती रही।

187 और मैं वहाँ बैठ कर मछली पकड़ रहा था। और अचानक, पवित्र आत्मा ने आकर कहा, "उस मछली से बोलो।"

188 मैंने कहा था, "छोटी मछली, यीशु मसीह तुम्हें तुम्हारा जीवन फिर से देता है।" और वह छोटी मछली, जो पानी पर मरी हुई पड़ी थी, अपनी करवट बदली, और जितनी तेजी से वह जा सकती थी उतनी तेजी से पानी में सररररर से चली गयी।

189 भाई लायल और भाई वुड उपस्थित बैठे हुए थे। भाई लायल ने कहा, "भाई ब्रंहम, मेरे लिए यह महत्व का है, क्योंकि मैंने कहा उस छोटी सी... "

190 आज रात, मैं उन्हें बता सकता हूँ कि आपने क्या कहा? [भाई लायल वुड कहते हैं, "आप निश्चित रूप से बता सकते हैं। यह ठीक है, भाई ब्रंहम।"—सम्पा।]

191 उसने कहा, जब उसने उसमें से उसकी अंतड़ियाँ खींचीं, तो उसने उसे वहाँ पर बाहर फेंक दिया, और कहा, "तुमने अपने आखिरी भोज पर निशाना लगाया, छोटी मछली," बस इसी तरह। इसे बाहर निकालकर फेंक दिया।

उसने कहा, "इसका—इसका मतलब मैं था।"

और मैंने कहा, "नहीं, लायल भाई। यह ऐसा नहीं था।"

192 भाई बैंक्स वहाँ पीछे थे, कहा, "इस दुनिया में कितने लोग है, कितने हज़ारों लोग, वहाँ खड़े होना पसंद करेंगे जहाँ हम अभी खड़े हैं, परमेश्वर की सामर्थ्य को उतरते और ऐसा कुछ करते हुए देखने के लिए!" दूसरे शब्दों में, वह जैसे...

193 मैं विश्वास करता हूं कि हम सब महसूस कर रहे थे जैसे पतरस ने किया, "यहां होना अच्छा है। आओ हम तीन तंबू बनाएँ।" देखा? यह सही है।

194 अब, भाई लायल, अब आप पवित्र आत्मा से अभिषिक्त हैं। आपने मिस्र को छोडा है। लहसुन के बर्तन और संसार की गंदगी पीछे छूट गयी

है। अभी आप यरदन के तट पर खड़े हुए हैं, बस वहां उस पार। होने पाए परमेश्वर आपको संभाले; लायल।

195 सर्वशक्तिमान परमेश्वर, यहाँ पर आपका विजय चिन्ह है। वह निश्चित रूप से एक भयानक स्थिति में था, प्रभु, लेकिन मेरा ह्दय उसके लिए पसीजने लगा। हमारी प्रार्थनाओं ने तब उस ओर उसी को फूंक मारकर उड़ा दिया, और वही चीज जिसने उसे जकड़ रखा था, वह उससे दूर हो गई। इसे तोड़ा गया है। और अब वह यरदन की ओर चलकर जा रहा है। उसे प्रतिज्ञा किये हुये देश पर ले जाये, प्रभु। और लोगों के बीच उस पर मोहर कीजिये। कि, उस महिमामय दिन पर जब हम उस ओर मिलेंगे, होने पाए मैं उसकी बाहों के आलिंगन को महसूस कर सकता हूँ, चिल्लाते हुए, “मेरे बहुमूल्य भाई!” “उसे जानता हूं।” उसके साथ बैंकस को लाये, प्रभु, क्या आप लायेंगे? पापा और मम्मी, और वे सारे, बहन, और वह सारा बड़ा परिवार, होने पाए प्रभु, हम सब उस ओर मिलें, और उनमें से हर एक पवित्र आत्मा से परिपूर्ण हो जाए। मैं यीशु के नाम में प्रार्थना करता हूँ। आमीन।

आप इसे ग्रहण करेंगे, भाई। परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई लायल।

196 [कोई कहता है, “भाई? ”—सम्पा।] हाँ, भाई। [“एक लंबी दूरी की पुकार है, और एक मृत्यु, पंक्ति पर इंतज़ार कर रही है।”]

197 कोई मर रहा है, लंबी दूरी की पुकार पर। और मैं वहाँ रहते हुए भाई नेविल को सभा को थोड़े समय में सौप दूंगा।

198 [भाई नेविल कहते हैं, “प्रभु में महान और अद्भुत दिन! परमेश्वर ने आज हमारे लिए कुछ अद्भुत कार्य किए हैं। मेरी अपेक्षाये पूरी तरह से पूरी हुई हैं।]

[“आइए हम अपने पैरों पर एक साथ खड़े हों जाए।]

199 [“सभा को फिर से याद दिलाता हूं, बुधवार की रात। अधिक प्रार्थना में रहे। सभी असंतुष्ट, अनिश्चित हृदय परमेश्वर के संपर्क में अधिक से अधिक रहे। ‘समय नजदीक है। अब वो समय है। आज उद्धार का दिन है।’]

200 [“परमेश्वर आप में से हर एक को आशीष दें, आप दूर-दूर से आए लोग। हमारी प्रार्थना यह है कि परमेश्वर आपको यात्रा के लिए दया प्रदान करे, आपके निवास स्थान पर वापस जाने के लिए। आपको हमारे साथ

पाकर अच्छा लगा। और जैसे आप जाते है हमारे लिये प्रार्थना करना, कि प्रभु इस स्थान पर भी आशीष दे।]

201 ["हमारे स्वर्गीय पिता, जैसा कि आपका सेवक आज रात आया है, आपके दास और भविष्यव्यक्ता के कार्य को करने के लिए, बिचवाई में खड़े होते हुए, वो दरार, घेरे को बनाते हुए, आपके सेवक के जलते हुए जोश के साथ हमारे पास आते हुए, जैसा कि पवित्र आत्मा से बपतिस्मा लिए हुए, और इस पीढ़ी से बात करने के लिए भविष्यव्यक्ता के पद को दिया गया है। आज और आज रात को हमारी सहायता करें, कि जो संदेश हमारे पास आता है, उसे ग्रहण करें, प्रभु, वह उभारने के शब्द, जो तैयार करने के लिए है।]

202 ["आज रात इस भवन के द्वार से जाने वाले प्रत्येक और हर एक व्यक्ति को आशीष देना। होने पाए कि वह बीमारी जो हम पर है, जिसके बारे में हम कुछ नहीं जानते, होने पाए आपका धन्य कृपा और सामर्थ हमें बनाए रखे और हमारी रक्षा करे और हमें चंगा करें, और हमें बनाए रखे, उस समय तक जब आप हमें दूसरी तरफ स्थानांतरित करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। सभी हतोत्साहित और निराश, डर से भरे और उन कमजोर लोगों को आशीष देना।]

203 ["परमेश्वर, हम आज रात एक विशेष भेंट के लिए प्रार्थना करते हैं, पवित्र आत्मा की आशीष, ताकि प्रत्येक राहगीर के ऊपर विश्राम हो, प्रत्येक यात्री, प्रत्येक अजनबी जो हमारे फाटकों में है। हर एक जो आज रात दरवाजे से बाहर जाता है, होने पाए कि कलवरी के क्रूस से जो लहू का ढांके हुए है, पर्याप्त रूप से ढके और प्रदान करे।]

204 ["जब हम बीमार हों तो हमें चंगा करें। अपनी प्रबल सामर्थ के द्वारा हमें बचाए रखे। सभा के लिए हमारा अभिषेक करें। आओ हम हमारे जीवन के सभी दिनों में, आपके सम्मुख, प्रेम में चलें। और हम इसके लिए आपकी स्तुति करेंगे, क्योंकि हम इसे यीशु मसीह के नाम में और उसके निमित्त मांगते हैं। आमीन।]

205 ["और परमेश्वर आपको आशीष दे। और हम आपको पाकर खुश हैं। एक दूसरे से हाथ मिलाये।"—सम्पा।]

206 वास्तव में आपने मेरे लिए जो कुछ भी किया है उसकी सराहना करते हैं, कार्ड और... ? ... जी हां, श्रीमान। वास्तव में सराहना करते है... ? ...

207 इसलिए हमने विश्वास के पत्थर को भेजा... ? ... एक व्यक्ति है जो यही कहीं... ? ... सो मैंने उसके बाद प्रार्थना भेजी, यीशु मसीह के नाम में। एक घंटे से वहीं पडा हुआ था, न स्पंदन, न सांस, कुछ भी नहीं था। न सांस, न स्पंदन, न धड़कन, नही कुछ भी नहीं; आँखें उसके सिर की ओर चढ़ी हुई हैं, पुलपिट के सामने पड़ा हुआ। [भाई नेविल कहते हैं, “बहन ने उसे तब तक वहीं पड़ा रहने दिया जब तक कि वह प्रार्थना वहां पर नहीं आ गयी।”—सम्पा।]

208 यह अभी भी खुला है? [भाई नेविल कहते हैं, “हाँ, यह अब भी खुला है।”—सम्पा।]

209 क्या मैं आपका ध्यान दिला सकता हूँ? वहां दूर का, एक युवा सुसमाारक, एक प्रचारक, यहाँ इंडियाना में, प्रचार कर रहा था, लगभग एक घंटे पहले पुलपिट में मृत पड़ा हुआ था। जब वह प्रचार कर रहा था, आगे की ओर गिर गया, और पुलपिट में मर गया, एक प्रसिद्ध प्रचारक, यहाँ इंडियाना में प्रचार कर रहा था। पास्टर तभी आ गये और उन्होंने मुझे फोन किया। वह आत्मा के अभिषेक के नीचे प्रचार करते समय मर गया, आगे की ओर गिर पड़ा, उसकी आंखें चढ़ी हुई थीं, उसकी सांसें जा चुकी थी। उसे मृत घोषित कर दिया गया, वो एक घंटे तक मृत पड़ा रहा। और किसी ने उन्हें कलीसिया को बुलाने के लिए कहा और मुझसे प्रार्थना करने के लिए कहा। सो मैंने उसे प्रभु यीशु के नाम में वापस लाने के लिए प्रार्थना भेजी। होने पाए आप विश्वास के द्वारा मेरे साथ जुड़े, कि यह लक्ष्य से चूक न जाए, उसे ताज़ा करें और उसे वापस लाएं। धन्यवाद।

210 परमेश्वर आपके साथ हो, जब तक मैं आपको बुधवार की रात नहीं देख लेता। आप जो लोग जॉर्जिया और आसपास से है, अलविदा। परमेश्वर आपके साथ हो।

211 भाई पैट... ? ...

लेपालकपन *1* HIN60-0515E

(Adoption 1)

लेपालकपन श्रृंखला

यह सन्देश हमारे भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा मूल रूप से इंग्लिश में रविवार शाम, 15 मई, 1960 को ब्रंहम टेबरनेकल, जेफरसनविले, इंडियाना, संयुक्त राज्य अमेरिका, में प्रचारित किया गया। जिसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोइस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बांटा गया है।

HINDI

©2023 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE

19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM

CHENNAI 600 034, INDIA

044 28274560 • 044 28251791

india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS

P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.

www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org